

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 25 मार्च 2023 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष -4 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-353 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 26 मार्च 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## मुझे धमका कर कोई चुप नहीं करा सकता : राहुल गांधी

### स्पीकर से शिकायत का कोई नतीजा नहीं निकला

**नई दिल्ली,25 मार्च।** लोकसभा से अयोग्य घोषित किए जाने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज दोपहर अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरे मुद्दे पर अपनी बातें रखी। राहुल गांधी ने कहा कि हिन्दुस्तान में लोकतंत्र पर आक्रमण हो रहा है। सवाल मैंने एक ही पूछा था। अडानी जी की फाउंडेशन कंपनी है, जिसमें 20 हजार करोड़ किसी ने इंवेस्ट किया। सवाल ये है कि ये 20 हजार करोड़ किसने हैं। मैंने संसद में पूफ्र लेकर दिखाया। अडानी जी और मोदी जी के रिश्ते के बारे में बताया। ये सभी पब्लिक डोमेन में हैं। रिश्ता पुराना है, जब मोदी जी गुजरात के सीएम थे। हवाई जहाज में मैंने फोटो दिखाई।



फिर मेरी स्पीच को स्पंच किया गया। मैंने स्पीकर को चिट्ठी लिखी। मैंने कहा एयरपोर्ट अडानी जी को रूल बदलकर दिए गए। मैंने इसका सबूत भी दिया। फिर भी कोई फर्क नहीं पड़ा। राहुल गांधी ने कहा कि संसद का नियम है कि किसी सदस्य पर कोई आरोप लगाता है तो उस सदस्य को जवाब देने का हक होता है। मैंने चिट्ठी लिखी कोई जवाब नहीं आया। स्पीकर के चैंबर में जाकर भी कहा कि इन्होंने झूठा आरोप लगाया और कहा कि आप मुझे बोलने क्यों नहीं दे रहे हैं। फिर स्पीकर मुस्कुरा कर करते हैं कि मैं कुछ नहीं कर सकता। राहुल ने कहा कि मैं हिन्दुस्तान के लोकतंत्र के लिए लड़ रहा और किसी से नहीं डरता हूं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की मेरी कोई भी स्पीच देख लीजिए, मैंने हमेशा कहा है कि सब समाज एक हैं। नफरत, हिंसा नहीं होनी चाहिए। ये ओबीसी का मामला नहीं है, ये नरेंद्र मोदी और अडानी के रिश्ते का मामला है। भाजपा ध्यान को भटकाने का काम करती है, कभी ओबीसी की बात करेगी, कभी विदेश की बात करेगी। मुझे फर्क नहीं पड़ता की मैं संसद के अंदर हूं या बाहर हूं। मुझे अपनी तपस्या करनी है, मैं उसे करके दिखाऊंगा।

## नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अंतिम चरण में : अमित शाह

**जगदलपुर,25 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

बस्तर में आज सीआरपीएफ अपना 84वां स्थापना दिवस मना रहा है। करनपुर कैंप में कोबरा के 201/204 बटालियन के परेड ग्राउंड में कार्यक्रम जारी है। अलग-अलग सेक्टर के जवानों ने परेड की। इस बीच गृहमंत्री ने परेड की सलामी ली। जवानों को संबोधित करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अब अंतिम चरण में है। अमित शाह ने सीआरपीएफ के 84वें स्थापना दिवस पर बधाई दी।2249 शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम की शुरुआत की।अमित शाह ने कहा मैं बस्तर में खड़ा होकर आप लोगों के बीच बोल रहा हूं। आज नक्सलियों का जो खात्मा हो रहा है। ये सीआरपीएफ की बदौलत है। अगर कहीं से अप्रिय घटना की खबर आती है। और फिर पता चलता है कि, वहां सीआरपीएफ की टीम पहुंच जाती है, तो मेरी चिंता खत्म हो जाती है, क्योंकि मैं जानता हूं जहां सीआरपीएफ है, वहा सब कुछ अच्छा होगा।

अमित शाह ने कहा, उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई जारी है। इतिहास में सीआरपीएफ का अहम योगदान है। उनके कल्याण के लिए भारत सरकार



ने अहम कदम उठाएं हैं। जवानों ने वामपंथियों से लड़ाई लड़ी है। 18 हजार से ज्यादा आदिवासी भाइयों को जवानों ने दवाई से लेकर सभी सुविधाएं मुहैया कराई है। अमित शाह बोले, कोरोना काल में सीआरपीएफ की जहां तैनाती थी। वहां जनता की सेवा में जज्बे से काम किया है। अपना आदर्श वाक्य सेवा और निष्ठा का काम किया है। अस्पताल में भर्ती कराने से लेकर सभी तरह की जरूरत पूरी करने में अहम भूमिका निभाई है। इसके लिए उनका आभार व्यक्त किया है।

अमित शाह ने कहा कि, वामपंथियों और उग्रवादियों की फंडिंग के स्त्रोत को रोकने के लिए हमने एनआईए और ईडी को एक्टिव किया है। जोकि अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है।इसका नतीजा है कि आज नक्सलियों की कमर टूट गई है।

## अडानी के मामले में भाजपा मौन साधी हुई है : सीएम

**रायपुर,25 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**


दिल्ली रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एयरपोर्ट में मीडिया से चर्चा की उन्होंने बताया कि दिल्ली से चकरभाटा एयरपोर्ट आकर सरगांव में आयोजित भरोसा का सम्मेलन में शामिल होऊंगा. उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अडानी के मामले में मौन साधती हुई। आई है, उसके बारे में कुछ नहीं बोल रही है। भाजपा नेता एक नया एंगल ले आए हैं कि पिछड़े वर्ग की बात है. भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष से कहना चाहूंगा कि पिछड़ों के नाम से आप घड़ियाली आंसू बहाना बंद करें.



मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 2 दिसंबर से आरक्षण का बिल हमने विधानसभा में पारित किया लेकिन बीजेपी के दबाव में अभी तक उस बिल में हस्ताक्षर नहीं हो रहे हैं, लाखों युवाओं का नुकसान हो रहा है शिक्षा में भी नौकरी में भी. कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीबों के हक की लड़ाई लड़ती रही है. बीजेपी हमेशा इन वर्गों की उपेक्षा की हैं. इनके बीच में फूट भी डालने का काम किया है, और अपना उल्लू सीधा करने का काम किया. भूपेश बघेल ने कहा कि जिस प्रकार से डॉ रमन सिंह मेरे खिलाफ बयान देते हैं. छोटा आदमी है, छोटे मन से काम करता है, उन्होंने यह तक बयान दिया था. भानुप्रतापपुर में नामांकन रैली में उन्होंने मुझे चूहा, बिल्ली, कुत्ता जैसे शब्दों से संबोधित किया था, यह उनकी मानसिकता है. नड्डा जी से कहना चाहूंगा कि अपने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष से पूछिए उन्होंने यह कहा था कि नहीं कहा था?मुख्यमंत्री ने कहा कि आपका जो पिछड़ा वर्ग के प्रति प्रेम है, वह केवल दिखावटी है. घड़ियाली आंसू बहाना बंद करें, सीधा-सीधा अडानी के मामले में जवाब देना चाहिए कि उनके संबंध उनके नेताओं से क्या रहे हैं. राहुल ने सवाल पूछा कि कितने बार उनके साथ विदेश यात्रा की है, उसके बारे में बताएं, क्या-क्या ठेका दिलाया है, यह बताएं. इन सवाल का जवाब देना चाहिए. राहुल गांधी को कोर्ट से मिली सजा पर कहा कि एक कानूनी पक्ष है, उसकी लड़ाई हमको लड़नी है. दूसरा जनता के बीच में इन मुद्दों को लेकर हम जाएंगे.

## भारत ने विकसित होने का लिया है संकल्प : मोदी

**बंगलुरु,25 मार्च।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कर्नाटक दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने चिक्काबल्लापुर में श्री मधुसूदन साईं चिकित्सा विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन किया। कर्नाटक चुनाव को लेकर मोदी का यह दौरा काफी अहम मामना जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में देश ने विकसित होने का संकल्प लिया है। कई बार लोग पूछते हैं कि भारत इतने कम समय में वकसित कैसे होगा? इतनी चुनौतियां हैं, इतना काम हैं, ये इतने कम समय में ये कैसे पूरा होगा? इस सवाल का एक ही जवाब है सबका प्रयास। उन्होंने कहा कि चिकबल्लापुर आधुनिक भारत के आर्किटेक्ट में से एक सर एम.



विश्वेश्वरय्या की जन्मभूमि है। अभी मुझे सर विश्वेश्वरय्या की समाधि पर पुष्पांजलि का सौभाग्य मिला। इस पुण्य भूमि को मैं सिर झुका प्रणाम करता हूं। मोदी ने कहा कि चिक्काबल्लापुर की भूमि ने लोगों को शिक्षा और स्वास्थ्य प्रदान करके मानवता की सेवा के मिशन को पोषित किया है। ये उपलब्धियां अद्भुत रही हैं। साथ ही आज यहां जिस मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन किया जा रहा है, वह इस महान मिशन को और मजबूत करेगा। मोदी ने कहा कि बीते 9 वर्षों में भारत में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बहुत ईमानदारी से, बहुत कुशलता से कार्य करने का प्रयास किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आरोग्य के साथ-साथ माताओं, बहनों, बेटियों के आर्थिक सशक्तिकरण पर भी डबल इंजन सरकार का पूरा ध्यान है। उन्होंने कहा कि जैसा कि सामूहिक प्रयास भारत के विकास की दिशा में चमत्कारिक परिणाम ला सकते हैं, भाजपा जन भागीदारी पर ध्यान केंद्रित कर रही है। भारत की विकास यात्रा में सामाजिक और धार्मिक संगठनों की बड़ी भूमिका है। विशेष रूप से, कर्नाटक ऋषियों, आश्रमों, मठों की समृद्ध भूमि रही है। ये प्राचीन परंपराएं यहां बहुत जीवंत हैं। उन्होंने कहा कि संबद्ध संगठनों ने न केवल धर्म और आस्था के संदेश को फैलाने में मदद की है, बल्कि गरीबों, पिछड़ों, आदिवासियों और समाज के अन्य वर्गों को भी सशक्त बनाया है।

## नई राजधानी के समीप बनेगा मॉल व होटल

- नारडा ने लेयर-2 के तहत 6 गांवों की जमीन अधिग्रहित करने नोटिफिकेशन जारी किया
- चेम्बर को भी होलसेल कॉरिडोर बनाने मिलेगी जमीन

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 25 मार्च।** विवेकानंद हवाई अड्डे के पास नई राजधीनम मॉल, होटल सहित अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं को मूर्त रूप देने के साथ ही एयरोसिटी बनाई जाएगी। इसके लिए नारडा ने विधिवत अधिसूचना जारी कर दी है।

नारडा के सूत्रों के अनुसार आरंग तहसील के अंतर्गत आने वाले 6 से अधिक गांवों की जमीन का व्यवसायिक उपयोग करने के लिए एक नोटिफिकेशन जारी किया जा रहा है। इसके तहत जमीन का उपयोग व्यवसायिक रूप से किया जा सकेगा। सेरीखेड़ी, रिको, रसनी सहित 6 गांवों की जमीन ली जाएगी। सेरीखेड़ी के अंतर्गत व्यासडेरा के पास सबसे ज्यादा जमीन है। इसके अलावा अन्य व्यावसायिक संस्थानों के पास जमीन है। अधिकारियों के अनुसार इस क्षेत्र में धरमपुरा की कुछ जमीनें आएंगी। वर्तमान में रायपुर शहर के कई भूमाफियाओं ने यहां पर जमीन खरीद ली है। यदि यह जमीन कानूनी पचड़ों से निकल जाएगी तो वे अरबपति हो जाएंगे। चेम्बर द्वारा दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा होलसेल कॉरिडोर बनाया जाना भी प्रस्तावित है। इसके लिए 400 एकड़ जमीन दिया जाना प्रस्तावित है। यह जमीन भी कानूनी पचड़े में फंस गई है। नारडा सूत्रों के अनुसार नारडा ने इसके लिए अब जनहित में एक सूचना जारी कर दी है जिनको आपत्ति होगी वे आपत्ति कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने नई राजधानी के लेयर-2 के लिए मास्टर प्लान में एयरोसिटी बनाने की घोषणा की थी। इस जमीन के क्लीयर होने के बाद यहां पर मॉल, होटल तथा अन्य निर्माण किए जा सकेंगे। नई दिल्ली में भी एयरपोर्ट के पास द्वारिका सिटी है जहां पर कई व्यवसायिक संस्थाएं हैं। इसके चलते यहां पर अनेक लोगों को रोजगार मिला है। यदि सबकुछ ठीक-ठाक रहा तो एयरोसिटी बनाने का रास्ता साफ हो जाएगा। ज्ञात रहे नया रायपुर द्वारा लेयर-1 के तहत 12 गांव लिए गए थे जिनमें से सिर्फ 6 गांवों की जमीन का उपयोग हो पाया है। यह जमीन 2002 में अधिग्रहित की गई थी। अब यहां पर किसान बढ़ी हुई दर पर जमीन का मुआवजा मांग रहे हैं। राजस्व सचिव के अनुसार आज की तिथि में यह मुआवजा देना असंभव है। मुआवजा देने के लिए किसान समय-समय पर आंदोलन करते रहते हैं।

## साधु के भेष में दिल्ली में दिखाई दिया अमृतपाल

**नई दिल्ली,25 मार्च।** वारिस पंजाब दे के चीफ और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह की आठवें दिन भी तलाश जारी है। अमृतपाल सिंह की तलाश में 6 राज्यों की पुलिस जुटी हुई है और आखिरी बार उसकी दिल्ली में होने की सूचना मिली थी। पंजाब पुलिस की कुछ टीमें शनिवार सुबह दिल्ली पहुंची। पुलिस के हाथ ढ्ढस्क्क्ष कश्मीरी गेट की कुछ ऐसी सीसीटीवी फुटेज लगी हैं जिसमें अमृतपाल को साधु के रूप में देखा गया है। इतना ही नहीं पुलिस बाकी सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रही है। इस वीडियो फुटेज को अभी रिलीज़ नहीं किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज में अमृतपाल सिंह साधु के भेष में नजर आया।

## कांग्रेस, भाजपा कार्यकर्ताओं पर जुर्म दर्ज

**रायपुर,25 मार्च।** राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता को अयोग्यता घोषित किए जाने के बाद शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के एकात्म परिसर के बाहर विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन के दौरान कार्यालय पर काली स्याही फेंकने और गाली गलौज के भाजपा के आवेदन पर थाना मौदहापारा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन के दौरान पत्थरबाज़ी करने से कार्यालय में हुई क्षति, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को लगी चोट इत्यादि के आवेदन पर थाना खम्हारडीह में भाजपा कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज की गई है। प्रदर्शन के दौरान पुलिस कर्मचारियों के साथ धक्कामुक्की करने, चोट पहुँचाने पर पुलिस के आवेदन पर थाना खम्हारडीह में प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज़ की गई है। राजीव भवन में प्रदर्शन के पश्चात् प्रदर्शनकारियों को पुलिस द्वारा वहाँ से हटाने के पश्चात् कुछ प्रदर्शनकारी शंकर नगर चौक पर बैठ गये थे। आरोग्य हॉस्पिटल के पास प्रदर्शनकारियों के द्वारा पुलिस बस में तोड़फोड़ की गई। घटना पर थाना सिविल लाइंस में एफआईआर दर्ज़ की गई है।

## लोहारदगा-पत्थलगाँव एवं सारंगढ़ रेल लाइन शीघ्र

रायगढ़,25 मार्च। लोकसभा सांसद श्रीमती गोमती साय ने दिल्ली में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाक़ात कर रायगढ़ में अनेक ट्रेनों के ठहराव व स्टेशन में मूलभूत सुविधाओं में विकास के विषय में चर्चा की । जिसमे लोहारदगा-पत्थलगाँव एवं सारंगढ़ रेल लाइन का कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ करने की माँग किए । रायगढ़ सांसद श्रीमती साय रेल मंत्री से चर्चा के दौरान कहा कि मेरे लोक सभा का जिला जशपुर रेल लाईन से अछूता है। जिले वासियों को रेल से सफर करने हेतु झारसुगुड़ा, अम्बिकापुर, रायगढ़ तथा रांची जाना पड़ता है। चिनार प्रोजेक्ट के तहत झारसुगुड़ा से अम्बिकापुर तक नवीन रेल मार्ग की आवश्यकता है। श्रीमती साय ने झारसुगुड़ा से दुग्धी उत्तरप्रदेश जाने हेतु झारसुगुड़ा से तपकरा कुनकुरी, बगीचा होते हुये अम्बिकापुर तक नवीन रेल मार्ग हेतु सर्वे कराने की मांग की। उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री से क्षेत्र के लोगों को मिलने वाले लाभ के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि इस रेल मार्ग के स्वीकृति से व्हाया अम्बिकापुर होते हुये कटनी, उत्तरप्रदेश जाने में सुगमता होगी।

### जिलों में कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन 27 को

## राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने के विरोध में कांग्रेस करेगी उग्र आंदोलन

**रायपुर, 25 मार्च (मुख्य नगर संवाददाता)।** राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त किए जाने के बाद अब राजधानी में भी सियासत गरमाती जा रही है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी ने 27 मार्च को पूरे प्रदेश के सभी जिलों में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कन्नौजे के अनुसार राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता रद्द करने के विरोध में रायपुर के अम्बेडकर चौक के सामने प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष धरने पर बैठेंगे। इसके अलावा यहां पर जुलूस भी निकाला जाएगा। कांग्रेस के कार्यालय मंत्री के अनुसार सभी जिलों के पदाधिकारियों को इसे सफल बनाने का निर्देश दिया गया है।

**भाजपाइयों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन**-भाजपा जिला इकाई के अध्यक्ष जयंती पटेल ने बताया कि कल कांग्रेसजनों ने जबरिया भाजपा कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। इससे कानून व्यवस्था की स्थिति की खराब हुई है। हम कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने के लिए आज एसपी को ज्ञापन देंगे।

### क्रिकेट : दूसरा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फायनल 7 से 11 जून 2023 तक

## जो जीतेगा बनेगा क्रिकेट का बादशाह

**जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

आस्ट्रेलिया के भारत दौरे के बाद जो नतीजे आए हैं उस पर विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है। दूसरे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फायनल में भारत का पहुंचना कोई बड़ी उपलब्धि नहीं मानी जा सकती क्योंकि पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत यह ऊंचाई पा चुका है। फायनल में इस बार न्यूजीलैंड की जगह आस्ट्रेलिया है। कंगारूओं की टेस्ट टीम बहुत मजबूत है। टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलिया पहले भारत दूसरे स्थान पर है। बल्लेबाजी के दृष्टिकोण से देखा जाए तो अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद याने आईसीसी की ताजा वरीयता के अनुसार पहले से दसवें स्थान में आस्ट्रेलिया के मारनुस लाबुशाने पहले, स्टीव स्मिथ तीसरे, ट्रेवीस हेड छठवें स्थान है। जबकि भारत की ओर से सिर्फ ऋषभ पंत 9वें स्थान पर हैं। गेंदबाजी में आर.अश्विन पहले, जसप्रीत बुमराह सातवें, रवीन्द्र जडेजा 9वें नंबर पर है जबकि आस्ट्रेलिया के पेट कमिंस तीसरे, नाथन लियोन आठवें नंबर पर है। इस तरह दोनों टीमों में बराबरी के खिलाड़ी हैं। आस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। उनके खिलाड़ी लगातार टेस्ट मैच खेल रहे हैं जबकि भारतीय टीम में बदलाव का दौर जारी है। अब सात जून 2023 के पहले दोनों टीम का कोई भी मैच तीनों तरह के प्रारूप में नहीं है। उल्लेखनीय है कि इस दौरान 31 मार्च से 28 मई तक भारत में टी-20 प्रारूप के इंडियन प्रीमियर लीग 2023 स्पर्धा होगी। इस चैंपियनशिप में दोनों देशों के टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ी शामिल होंगे। अब प्रश्न यह उठता है कि दूसरे विश्व टेस्ट



प्रतियोगिता के पहले तक क्रिकेटर मैच खेलते रहेंगे तो क्या वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे पाएंगे? भारतीय टीम के लिए यह करो या मरो की स्थिति है क्योंकि पहले टेस्ट चैंपियनशिप में मिली हार का उन्हें बदला लेना होगा। अवसर बार-बार नहीं आते विशेषकर तब जब दोनों क्रिकेट टीम के लिए एक अद्भुत कीर्तिमान बनाने का मौका है। क्रिकेट के तीन प्रारूप में से दो प्रारूप में ऐसा करिश्मा कर पाये हैं। वास्तव में जो जीतेगा वह सबसे ज्यादा गौरवान्वित होगा। इस तरह दूसरे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के परिणाम पर सबकी नजर है। आर्थिक दृष्टि से आईपीएल बहुत फायदेमंद है इसलिए खिलाड़ी अपनी-अपनी तरफ से आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए आतुर रहते हैं। लोकप्रियता प्राप्त करने तथा अपने फ्रेंचायसी को खुश करने के लिए टी-20 प्रारूप वाले इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान बल्लेबाज, गेंदबाज और क्षेत्ररक्षक सब कुछ दांव पर लगा देते हैं। 2023 की स्पर्धा में भी टेस्ट मैच खेलने वाले भारतीय खिलाड़ियों के लिए इस बार के आईपीएल में सतर्क होकर प्रदर्शन करने की आवश्यकता होगी। शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहना, घायल होने से स्वयं को बचाना भारत-आस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों के लिए चुनौती भरा कार्य है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (2012-23) के योग्यता दौर पर नजर डालने से स्पष्ट है कि आस्ट्रेलियाई टीम ने 66.67 प्रतिशत, भारत ने 58.8 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। जबकि 55.56 प्रतिशत के साथ दक्षिण अफ्रीका तीसरे, 46.97 प्रतिशत के साथ इंग्लैंड की टीम चौथे स्थान पर रही। मीडिया मैनेजमेंट की वजह से आज क्रिकेट दुनिया की लोकप्रिय खेलों में से एक है। अन्यथा पूरे संसार में टेस्ट मैच खेलने वाले देशों की संख्या सिर्फ 12 है। एक दिवसीय मैच खेलने वाले देशों की संख्या 20 जबकि टी-20 खेलने वाले अधिकृत देशों की संख्या 85 है। इस खेल में भारतीय टीम ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है इसलिए दूसरे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में विजयी होने की कामना देशवासी कर रहे हैं।

## संक्षेप

### अयोग्य करने वाले कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली,25 मार्च।** राहुल गांधी के संसद सदस्य के तौर पर अयोग्य घोषित होने के बाद जनप्रतिनिधित्व अधिनियम का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है. सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका सामाजिक कार्यकर्ता आभा मुरलीधरन की तरफ से दाखिल की गई है. याचिका में कहा गया कि चुने हुए प्रतिनिधि को सजा होते ही उनकी सदस्यता जाना असंवैधानिक है. इसी धारा के तहत किसी भी जनप्रतिनिधि को 2 साल या उससे ज्यादा की सजा पर उनकी सदस्यता को रद्द किया जाता है. याचिका में कहा गया है कि वायनाड से सांसद राहुल गांधी को अयोग्य घोषित करने के मामले के कारण सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है. राहुल गांधी को दोषसिद्धि की तारीख से अयोग्य घोषित किया गया है. हालांकि, अपील का चरण, अपराधों की प्रकृति, अपराधों की गंभीरता और उसका प्रभाव पर समाज आदि कारकों पर विचार नहीं किया जा रहा है .

इसमें दोषसिद्धि के बाद जनप्रतिनिधियों की स्वमेव अयोग्यता को अवैध और मनमाना बताया गया है. याचिका में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 8(3) की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है. इसे संविधान के विपरीत घोषित करने की मांग की गई है.

### कर्मचारियों और पेंशनरों को मोदी सरकार का तोहफा

**नई दिल्ली,25 मार्च।** केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स को मोदी सरकार ने बड़ी खुशखबरी दी है. सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की बढ़ोतरी की है. डीए और डीआर में ये बढ़ोतरी जनवरी 2023 से लागू होगी. मोदी सरकार की कैबिनेट के इस फैसले के बाद महंगाई भत्ता 38% से बढ़कर 42% हो गया है. इसके साथ ही कर्मचारियों और पेंशनधारियों को एरियर भी मिलेगा.

इस ऐलान से सरकार पर हर साल 12,815 करोड़ रुपए का वित्तीय भार पड़ेगा. केंद्र सरकार के इस फैसले से केंद्र सरकार के करीब 47.58 लाख कर्मचारियों और 69.76 लाख पेंशनभोगियों को फायदा होगा. डीए में यह बढ़ोतरी 7वें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के बाद की गई है. केंद्र सरकार सालाना डीए/डीआर में जनवरी की शुरुआत से जुलाई महीने के अंत तक बढ़ोतरी करती है. पिछली छमाही में सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के डीए में चार फीसदी का इजाफा किया था. इसके बाद कर्मचारियों का डीए 34 फीसदी से बढ़कर 38 फीसदी हो गया था. सैलरी के हिसाब से देखें तो यदि किसी केंद्रीय कर्मचारी का बेसिक-पे 1,8000 रुपए है तो 38 फीसदी के हिसाब से 6,840 रुपये का महंगाई भत्ता बनता है. वहीं अब डीए 42 फीसदी होने के बाद कर्मचारी का डीए बढ़कर 7,560 रुपये हो जाएगा. मिनिमम बेसिक सैलरी वाले कर्मचारियों को हर महीने 720 रुपये और सालाना 8,640 रुपये का लाभ होगा.

### रमेश सिन्हा छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के नए चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली,25 मार्च।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश रमेश सिन्हा को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है. जस्टिस रमेश कुमार के नाम की अनुशंसा सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने की थी. छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में पूर्णकालिक चीफ जस्टिस के रूप में नियुक्ति से पहले जस्टिस गौतम भादुड़ी को कार्यवाहक चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया था।

एक नजर

## नियमितीकरण पर रिसाली निगम का अभियान, 3 दुकानों को किया सील



**रिसाली।** चेतावनी और समझाइश का असर नहीं होने पर रिसाली नगर पालिक निगम लगातार सील बंद कार्रवाई कर रही है। नियमितीकरण को नजरअंदाज करने पर निगम के अधिकारियों ने सरस्वती कुञ्ज पश्चिम में दबिश दी। 3 दुकानों को सील किया। रिसाली निगम के आयुक्त आशीष देवांगन के निर्देश पर अधिकारी एक माह पहले समझाइश दी थी। वहीं पन्द्रह दिनों पहले यह कहते हुए नोटिस जारी किया था कि अवैध निर्माण करने वाले शासन की योजना के तहत नियमितीकरण के लिए दस्तावेज के साथ आवेदन प्रस्तुत करे। इसके बाद भी अवैध निर्माणकर्ताओं ने रूचि नहीं दिखाई। आयुक्त के आदेश पर लगातार कार्रवाई करते शुक्रवार को राजस्व विभाग के प्रभारी अधिकारी संजय वर्मा के नेतृत्व में टीम ने 3 दुकानों में सील बंद कार्रवाई की। निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

## समय पर करें समस्त करों का भुगतान, निगम ने की अपील



**भिलाई, 25 मार्च।** नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा क्षेत्र के समस्त नागरिकों को सूचित किया गया है कि 31 मार्च 2023 के पूर्व अपने समस्त करो का भुगतान करने का कष्ट करेंगे। संपत्ति कर, समेकित कर, यूजर चार्ज, नलकर-जलकर, भू-भाटक, शिक्षा उपकर तथा अन्य शासकीय देयकों का भुगतान समय पर करते हुये शहर के विकास में अपना योगदान देवें। कोई भी नगारिक निगम कार्यालय में सुबह 10.30 से 5.30 बजे के बीच निगम संपत्तिकर विभाग में अपना टैक्स जमा कर सकते हैं। भिलाई-चरौदा संपत्तिकर प्रभारी राजकुमार देवांगन ने बताया कि महापौर निर्मल कोसरे एवं आयुक्त अजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार जन सामान्य की सहूलियत के लिए प्रत्येक शनिवार एवं रविवार टैक्स केम्प निगम कार्यालय मे लगाये जा रहे हैं। साप्ताहिक अवकाश के दिनो में भी टैक्स वसूली कार्य में संपत्तिकर विभाग के सहायक राजस्व निरीक्षक द्वारा टैक्स जमा लिये जाने अपनी उपस्थिति दी जा रही है। अवकाश के दिनो में टैक्स जमा लेने की प्रक्रिया वित्तीय वर्ष समापन दिनांक 31.03.2023 तक के लिए रहेगी।

## अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे टैक्स काउंटर, आसानी से जमा कर सकते हैं



भिलाई, 25 मार्च। नगर पालिक निगम भिलाई में टैक्स जमा करने के लिए केवल कुछ दिन ही शेष है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए टैक्स जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित है। इस तिथि तक अनिवार्य रूप से अपना विभिन्न प्रकार का टैक्स निगम में जमा कर दें। अंतिम तिथि के बाद अगर कोई करदाता टैक्स जमा करता है तो उसे 1 अप्रैल से 18त्न अधिभार के साथ ही शास्ती शुल्क भी देना पड़ेगा। अवकाश के दिन भी टैक्स जमा करने के लिए काउंटर खुले रहेंगे। नगर पालिक निगम भिलाई सुपेला के मुख्य कार्यालय तथा नेहरू नगर गुरुद्वारा के पास जोन कार्यालय, वैशाली नगर जोन कार्यालय, मदर टेरेसा नगर जोन कार्यालय, खुर्सीपार जोन कार्यालय तथा सेक्टर 6 के जोन कार्यालय में भी टैक्स जमा कर सकते है। निगम मुख्यालय में करदाताओं की सुविधाओं के लिए पृथक से अस्थाई काउंटर भी बनाया गया है। निर्धारित अवधि में करदाता अपना टैक्स जमा कर देते हैं तो वह अतिरिक्त अधिभार देने तथा शास्ती शुल्क देने से बच जाएंगे। परंतु इसके लिए 31 मार्च 2023 तक अपना टैक्स जमा करना ही होगा।

# नवरात्रि का चौथा दिन, मां कुष्मांडा की हो रही पूजा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 25 मार्च।** चैत्र नवरात्रि का महापर्व पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। आज चौथे दिवस माँ दुर्गा के चौथे स्वरूप देवी कुष्मांडा की पूजा अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि माँ कुष्मांडा की कृपा से भक्तों के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। माँ कूष्मांडा अष्ट भुजाओं वाली देवी हैं। उनकी भुजाओं में बाण, चक्र, गदा, अमृत कलश, कमल और कमंडल सजे हैं। वहीं दूसरी भुजा में वह सिद्धियों और निधियों से युक्त माला धारण किए हुए हैं। मां कूष्मांडा की सवारी सिंह है। भक्त गण घरों से लेकर मंदिरों तक शक्ति की पूजा कर चराचर के मंगल की कामना कर रहे हैं। शीतल मंदिर में दुर्गा सप्तशती का पाठ चल रहा है।

### जय अम्बे रामधुनी की शानदार प्रस्तुति

मां कल्याणी वासंती चैत्र नवरात्रि पर्व के दूसरे दिन महा आरती की पश्चात् जय मां शीतला सेवा समिति, महुआरी मरोदा व जय शताक्षी सेवा भजन मंडली, रिसाली के द्वारा माता जस गीत की प्रस्तुति के साथ रात्रिकालीन मंचीय प्रस्तुतियों की शुरुआत हुई। प्रमुख आकर्षण जय अम्बे रामधुनी दल कजराबांधा (गुण्डरदेही) द्वारा राम-वनवास कथा प्रसंग पर आधारित झांकी रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम रिसाली के सभापति केशव बंछोर थे। अध्यक्षता निगम के एम. आई. सी. मेंबर सनीर साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में क्षेत्रीय पार्षद सरिता देवांगन, विलास बोरकर व भरत वर्मा उपस्थित थे। इस दौरान उपस्थित अतिथियों को समिति द्वारा सम्मानित किया गया, तथा रामधुनी गायक परमेश्वर साहू का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में, समिति संरक्षक पुन्नू यादव, अध्यक्ष अरुण वर्मा सहित, तेजराम साहू, चोवाराम निषाद, रमेश वर्मा, पूनमचंद सपहा, माधव मांझी, जी. एल. नायक, मुक्तार यादव, शंभू निषाद, विमलदास मानिकपुरी, भूखा यादव, संतोष यादव व दादू आदि उपस्थित थे। 25 मार्च को संगी जंहुरिया फाग झांकी परिवार (छिपली, मगरलोड, धमतरी) तथा 26 मार्च को पंचमी के अंतर्गत बाना परघौनी व विशेष पूजा-अर्चना के पश्चात रात्रि 9 बजे महतारी के कोरा, (देऊरगांव, साजा) की नयनाभिराम प्रस्तुति होगी।



### महिला सेल प्रभारी ने छात्र-छात्राओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**कवर्धा, 25 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक कबीरधाम श्रीमान डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे के मार्गदर्शन में आज दिनांक 24.03.2023 को शासकीय पुर्व माध्यमिक विद्यालय बरबसपुर मे हमर बेटी हमर मान कार्यक्रम के तहत महिला सेल एवं चाईल्ड लाईन के संयुक्त तत्वावधान में महिला सेल प्रभारी विजया कैवरत्य के द्वारा स्कूली छात्र छात्राओं को महिलाओं पर घटित होने वाली अपराध,साइबर सुरक्षा संबंधी अपराध, गुड टच बैड टच,यातायात सुरक्षा की जानकारी, अभिव्यक्ति ऐप के संबंध में जानकारी दिया गया।जिसमें स्कूल के प्रधान पाठक मुरली झारिया,महिला सेल टीम से आरक्षक रोमन चंद्रवंशी महिला आरक्षक रेवती सिंह,उषा राय, चाईल्ड लाईन से चित्रा, रामलाल उपस्थित रहे।

# सीएम भूपेश बघेल किसानों के सच्चे हितैषी: ममता चंद्राकर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 25 मार्च।** विधायक पंडरिया एवं सदस्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास प्राधिकरण ममता/मनोज चंद्राकर ने जारी बयान में कहा है कि 17 दिसंबर 2018 में छ.ग.के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करते ही किसान पुत्र मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश की लगभग 80 प्रतिशत खेतिहार किसान व मजदूर वर्ग की समृद्धि खुशहाली एव सशक्तिकरण के लिए सत्ता के पहले ही पल से कार्य करते आ रहे है जिससे न केवल छत्तीसगढ़ के खेतिहार किसान मजदूर समृद्ध हुआ बल्कि प्रदेश की तमाम छोटे,मध्यम,एव उच्च श्रेणी के व्यापारी,व्यवसाई कि व्यापार में खूब तरक्की आई है और इसी के चलते प्रदेश में बेरोजगारी दर बिलकुल नगण्य रह गई है भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली राज्य की कांग्रेस सरकार ने महज सवा चार साल के शासन काल में ही प्रदेश को विश्व पटल पर छत्तीसगढ़ मॉडल के रूप में उभरा है विधायक *ममता/मनोज चंद्राकर* ने कहा मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी का एलान कर इतिहास रच दिया भूपेश बघेल ने गुरुवार को विधानसभा में इस साल से किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा कर यह साबित कर दिया कि वह प्रदेश की किसानों के सच्चे हितैषी हैं। मुख्यमंत्री द्वारा किसानों को बड़ी सौगात देने का स्वागत करते हुये इसे बड़ी सौगात बताया है। विधायक *ममता/मनोज चंद्राकर* ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश की सत्ता संभालने के बाद से ही किसानों के हित में लगातार नई नई योजनाएं बनाकर उसका बेहतर क्रियान्वयन करा रहे है। प्रदेश की सत्ता संभालने के चंद घंटों बाद सबसे पहले श्री बघेल ने किसानों का कर्ज माफ़ किया। उसके बाद किसानों से 2500 रुपये प्रति क्विंटल में धान खरीदी की शुरुआत कर देश में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। फिर नरवा गरवा घुरवा बाड़ी, गोठान योजना, राजीव गाँधी न्याय योजना सहित तमाम किसान हितैषी योजनाओं को अमलीजामा पहनाया। भूपेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं के सही क्रियान्वयन का प्रतिफल है कि आज शहरों से लोग वापस अपने गाँव की ओर जा रहे है।और खेती कर आर्थिक रूप से मज़बूत हो रहे हैं। विधायक ममता ने कहा 15 वर्ष तक छत्तीसगढ़ में भाजपा की रमन सरकार किसानों को कभी बोनस देने के नाम पर तो कभी समर्थन मूल्य देने के नाम पर ठगती रही। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आने के बाद किसानों की आर्थिक स्थिति में जबरदस्त बदलाव आया है और उनकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत हुई है। विधायक ने कहा कि इस वर्ष खरीफ सीजन में किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की घोषणा भूपेश सरकार का एक क्रांतिकारी कदम है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति और भी मजबूत होगी। मुख्यमंत्री की इस योजना ने पुनर्छत्तीसगढ़ के 80 प्रतिशत आबादी के चेहरे पर मुस्कान ला दिया है उन्होंने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का क्षेत्र के किसानों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### अवैध बोर्ड, फ्लेक्स, होर्डिंग हटाने भिलाई-चरौदा क्षेत्र में कार्रवाई

**भिलाई, 25 मार्च।** नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा क्षेत्र में प्रमुख मार्गो और मुख्य राजमार्ग की दोनोदोनों ओर की सड़को पर अवैध रूप से लगाये गये बेनर और पोस्टरो को निकालने की कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम क्षेत्र में डबरापारा से लेकर चरौदा हनुमान मंदिर तक मुख्या राजमार्ग के दोनो तरफ अनेक छोटी और बड़ी दुकाने संचालित है। इन दुकानदारो द्वारा अपने प्रतिष्ठान के बाहर सर्विस रोड पर फलैक्स और दुकान का नाम प्रदर्शित करने वाले बोर्ड लगाये जाते है, जिसके कारण आवागमन प्रभावित होकर जाम लगने की स्थिति बनती है ।

# समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया की मनाई गई जयंती



**भिलाई, 25 मार्च।** भारतरत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण प्रतिष्ठान और आचार्य नरेन्द्र देव स्मृति जन अधिकार अभियान समिति द्वारा समाजवादी नेता डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की 114वीं जयंती मनाई गई। अध्यक्षता करते हुए प्रतिष्ठान एवं समिति के संस्थापक अध्यक्ष आरपी शर्मा ने कहा कि लोहिया के सपनों का समाजवाद आने की अभी भी प्रतीक्षित है। जिन्दा कौमें पाँच साल तक इंतजार नहीं कर सकती। कहने वाले लोहिया की जयंती पर संकल्प लेने की आवश्यकता है। गरीब, मजदूर और किसानों को संगठित कर एक नए भारत की कल्पना करते हुए उसे साकार करने की दिशा में पहल करें। संचालन एवं आभार व्यक्त नागेन्द्र प्रसाद ने किया ।

# पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने राम मंदिर में की पूजा-अर्चना

भिलाई, 25 मार्च। श्रीराम जन्मोत्सव समिति के संरक्षक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय द्वारा राम मंदिर लेबर कैम्प जामुल में भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात मंदिर से एक मुट्ठी अन्न दान प्राप्त कर रामनवमी की महाप्रसादी एवं भोग के लिए पाण्डेय द्वारा द्वार-द्वार जाकर एक मुट्ठी दान लिया गया। इस दौरान घर घर मे पाण्डेय का स्वागत आरती पुष्पहार पुष्पगुच्छ एवं पुष्पों की वर्षा से करते हुए किया गया। हनुमान मंदिर लेबर कैम्प जामुल मे एक मुट्ठी दान का महत्व बताते हुये पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता



प्रत्येक घर से एक मुट्ठी दान यह छोटा कार्य नहीं है जिस प्रकार सेतु निर्माण में एक छोटी सी गिलहरी ने भी अपना सहयोग प्रदान किया है जिससे श्री राम की कृपा उस गिलहरी को मिली। हम सभी के लिए भी यह सौभाग्य की बात है कि रामनवमी के महाप्रसादी मे घर घर से दान लिया जा रहा है और उसी से महाप्रसादी बनाया जायेगा क्योकि प्रभु भक्ति भी प्रभु कृपा से ही संभव है। पाण्डेय ने कहा कि विगत 38 वर्षो से रामनवमी की भव्य शोभा यात्रा निकाली जा रही है जिसमें कई हजार रामभक्त भव्य शोभा यात्रा में सम्मिलित होकर प्रभु श्रीराम के प्रति अपनी भक्ति का परिचय देते हैं एवं उनके आदर्शो का पालन करने का संकल्प लेते हैं। कार्यक्रम में कोर विंग अध्यक्ष अरुण सिंह, युवा अध्यक्ष यशवंत सिंह राजपूत, जिला उपाध्यक्ष एवं जामुल पालिका के पूर्व अध्यक्ष पार्षद रेखराम बंछोर, महिला अध्यक्ष श्रीमती प्रिया गुप्ता, संजय यादव, हलधर साहू, रामचन्द्र साहू, राजकुमार काम्बले, विजय राव, दीपक, अनूप राय, अमित राय, दिलीप सिंह, राहुल राय, बबलू कुशवाहा, खोमलाल साहू, पुनीत सिन्हा, राधा साहू, लक्ष्मी, कल्पना पटेल, रामेश्वरी साहू, शांती साहू, मंगलीन, रामविलास पटेल आदि रामभक्त उपस्थित रहे।

# धनोरा और उमरपोटी पंचायत को रिसाली निगम में शामिल करने के प्रस्ताव पर मुहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रिसाली।** नवगठित नगर पालिक निगम रिसाली की सीमा क्षेत्र को बढ़ाने कवायद शुरू हो गई। ग्राम पंचायत धनोरा व उमरपोटी को निगम क्षेत्र में शामिल करने प्रस्ताव लाया गया। जिसे महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाली परिषद ने सर्वसम्मति से पारित किया। दरअसल रिसाली नगर पालिक निगम भिलाई के 14 को पृथक कर बनाया गया है। इसमें भिलाई टाउनशिप भी शामिल है। घनी आबादी और इस्पात संयंत्र के आधिपत्य वाली भूमि होने की वजह से शासन से स्वीकृत बड़े प्रोजेक्ट अधर में है। इसे ध्यान रखते हुए जिला प्रशासन से आए पत्र को आधार बनाते हुए राजस्व विभाग प्रभारी चन्द्रप्रकाश सिंह निगम व सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी चन्द्रभान सिंह ठाकुर ने धनोरा के अलावा उमरपोटी पंचायत को भी निगम क्षेत्र में शामिल करने प्रस्ताव लाया। पारित प्रस्ताव को शासन को भेजे जाने का निर्णय लिया। महापौर परिषद की बैठक में महापौर परिषद के सद्स्य चन्द्रभान ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, अनुप डे, सनीर साहू, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, परमेश्वर कुमार, प्रभारी कार्यपालन अभियंता राजकुमार जैन व विभाग प्रमुख उपस्थित थे। महापौर शशि सिन्हा ने परिषद के सद्स्यों से बजट के लिए सुझाव मांगे। विभागवार समीक्षा के बाद आए सुझावों को प्राथमिकता के आधार पर बजट में शामिल करने निर्देश दिए। रिसाली निगम को संसाधन उपलब्ध कराने शासन ने 3 टिप्पर खरीदने बजट स्वीकृत किया है। वाहन मूल्य अधिक होने की वजह से परिषद के सद्स्यों ने तीन की जगह केवल दो वाहन खरीदने के प्रस्ताव पर मुहर लगाया। टिप्पर को कचरा परिवहन कार्य में लगाया जाएगा।

### मार्च के अंतिम कार्यदिवस पर होगी भिलाई-चरौदा निगम में परिषद की बैठक

**भिलाई, 25 मार्च।** नगर पालिक निगम, भिलाई-3 चरौदा कार्यालय सभागार में आगामी 31 मार्च को सामान्य सभा का आयोजन किया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता निगम सभापति कृष्णा चंद्राकर करेंगे, जिसमें महापौर निर्मल कोसरे सहित समस्त महापौर परिषद के सदस्य एवं पार्षदगण उपस्थित रहेंगे।

इस बैठक में निगम आयुक्त अजय त्रिपाठी समस्त स्टॉफ के साथ उपस्थित रहेंगे। निगम सचिवालय द्वारा दिनांक 20.03.2023 को इस आशय का पत्र जारी कर दिया गया है।

# भारत जोड़ो यात्रा की सफलता एवं राहुल की लोकप्रियता से केंद्र सरकार डरी : राजू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 25 मार्च।** मानहानि मामले में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष वायनाड से सांसद राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द किए जाने पर जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजकुमार तिवारी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि डरी हुई सत्ता राहुल गांधी के सवालों का जवाब देने में असमर्थ है।तिवारी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अडानी से अपने रिश्ते का खुलासा करने की जगह पहले माइक बंद कर आवाज दबाने का काम करती रही। अब जब भारत जोड़ो यात्रा के बाद पूरा देश यह सवाल पूछ रहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी के शासन के दौरान किसी एक ही व्यक्ति ने कोरोना काल में कैसे अपनी संपत्ति को हजारों गुना बढ़ा लिया, तब भाजपा के पास मुंह छिपाने की कोई जगह नहीं बची। तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द किया जाना देश मे लागू अघोषित आपातकाल का साक्षात प्रमाण है । राहुल गांधी ने केवल देश में हुए भ्रष्टाचार का सवाल उठाया था और वे लगातार उठाते रहेंगे, कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता और प्रबुद्ध भारतीय समाज राहुल व कांग्रेस पार्टी के साथ है। कांग्रेस पार्टी ने भारत की जनता के सहयोग से देश को इसरो, एम्स, डीआरडीओ, आईआईटी, भेल, सेल जैसी संस्थाएं देश को समर्पित की हैं। आरटीई, आरटीआई, शिक्षा का अधिकार, मनरेगा से रोजगार का अधिकार जैसी योजनाओं से सर्वहारा वर्ग के हितों का संरक्षण और नागरिक सशक्तिकरण का काम किया है। भाजपा ने देश को सांप्रदायिक और जातीय वैमनस्यता के अलावा कुछ नहीं दिया। तिवारी ने कहा कि अब जबकि देश की जनता कांग्रेस पार्टी की ओर पुनः उम्मीद से देख रही है, तब घबराई हुई केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई से लेकर दिल्ली पुलिस व लोकसभा अध्यक्ष तक के अधिकारों का अतिक्रमण कर विपक्षी नेताओं को परेशान करने और दबाने के लिए प्रयासरत है। राहुल गांधी और कांग्रेस कार्यकर्ता इस दमनकारी नीति से डरने वाले नहीं है। जनहित की आवाज लगातार उठाई जाएगी। हिटलरशाही भारत की जनता नहीं सहन करने वाली। तिवारी ने कहा कि जल्द ही उच्च न्यायालय से राहुल गांधी जी एवं सत्य के पक्ष में फैसला आएगा।

### चार साल की बच्ची को सांप ने डसा, मौत

**भिलाई, 25 मार्च।** कुम्हारी थाना क्षेत्र ग्राम कंडरका में अपने घर के बाहर खेल रही चार साल की बच्ची को सांप ने डस लिया उसे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन रास्ते में ही बच्ची की मौत हो गई कुम्हारी पुलिस ने प्राथमिकी कर जांच शुरू की है कुम्हारी पुलिस ने बताया कि ग्राम कंडरका निवासी कुलेश्वर धीवर की चार साल की बेटी चहक धीवर गुरुवार की शाम करीब सात बजे अपने घर के बाहर खेल रही थी ।

# ग्राम गनियारी में मोर मितान-मोर संगवारी कार्यक्रम आयोजित




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन, 25 मार्च।** परिवार नियोजन कार्यक्रम अतंर्गत विकास खंड पाटन के ग्राम गनियारी में मोर मितान मोर संगवारी कार्यक्रम आयोजित किया गया बीईईटीओ व स्वास्थ्य सुपरवाइजर चरोदा भिलाई 3 सैय्यद असलम ने बताया कि इस कार्यक्रम में पुरूष नसबंदी ओर महिला नसबंदी ओर परिवार नियोजन के अस्थाई साधन अपनाने वाले तीन हितग्राहियों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से सम्मानित करते हुए उपहार प्रदान किया गया ताकि दूसरे दम्पत्ति परिवार नियोजन कार्यक्रम को अपनाएं उनकी भ्रांतियां दूर हो हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी उपस्थित जनसमुदाय को बताए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जे पी मेश्राम ओर नोडल अधिकारी परिवार नियोजन डा सतीश मेश्राम खंड चिकित्सा अधिकारी डा आशीष शर्मा प्रभारी मेडिकल आफिसर डा भुनेश्वर कठौतिया,डा कीर्ति तिर्की ने संयुक्त रूप से हितग्राहियों से कहा कि एन एस व्हीटी (पुरूष नसबंदी) एक आधुनिक पद्धति से होने वाला आप्रेशन है जिसमें कोई चीरफाड़ नही किया जाता है आप्रेशन पश्चात पुरूष हितग्राही अपने समस्त कार्य पूर्ण रूप से करता है साइकिल,गाडी चला सकता हैओर अपने नैतिक जिम्मेदारी पूरी तरह स्वस्थ रूप से करता है कार्यक्रम में एल एच व्ही श्रीमती ए दत्ता, श्रीमती आर विश्वास,स्टाफ नर्स खुशबू वर्मा आर एच ओ संजय सेन, स्वास्थ्य संयोजिका श्रीमती भोज देशमुख, फिजियोथैरेपिस्ट दीप माला चंद्र कर मितानिन बेबी ठाकुर,बिंदु पाटिल,नमिता देशलहरे सहित ग्राम के लोगबडी संख्या में उपस्थित थे।

# खैरबना सेक्टर में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा अभियान को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा, 25 मार्च।** राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी जी द्वारा किए गए भारत जोड़ो यात्रा अभियान अंतर्गत कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के आह्वाहन पर प्रदेश के मुखिया श्री भूपेश बघेल जी,केबिनेट मंत्री विधायक मो अकबर भैया जी के निर्देश में आज सेक्टर प्रभारी श्री शंकर मेडे जी के अगुवाई में कृषि उपज मंडी अध्यक्ष एवम जिला कांग्रेस महामंत्री श्री नीलकंठ साहु के नेतृत्व में आज हाथ से हाथ जोड़ो अभियान बोडला ब्लॉक अंतर्गत खैरबना सेक्टर के महराज पुर से शुभारंभ किया आज के इस यात्रा को प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ शासन के क्रेडा सदस्य श्री कन्हैया लाल अग्रवाल जी ने छत्तीसगढ़ महतारी की तैल चित्र की पूजा अर्चना कर हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की शुभारंभ किया,इस यात्रा में सभी कांग्रेसियो ने गांव गांव पहुंचकर आम जनता से हाथ मिलाकर अभिवादन कर संबोधन में राहुल गांधी जी की संदेश नफरत छोड़ो, भारत जोड़ो देश में फैले अराजकता के माहौल व केंद्र सरकार के नाकामी से बढ़ती मंहगाई एवम् प्रदेश कांग्रेस सरकार की चार साल की उपलब्धता को सबने बारी बारी बताए,और कार्यक्रम को तारो में समापन किया* । इस यात्रा में सनत जायसवाल उपाध्यक्ष जनपद बोड़ला चोवा साहू उपाध्यक्ष कृषि उपज मंडी , भगवंता साहू जनभागीदारी अध्यक्ष कंस राम साहू सोसायटी अध्यक्ष मोहन साहू, रानू दुबे अध्यक्ष शहर महिला कांग्रेस ,रचना कोसले,रोशनी मरावी मुस्कान देशलहरे, भागीरथी आनंद सिंह दिलीप सूरज श्रीवास रामाधीन साहू भागीरथी रामजी तुलेश्वर धनुष साहू गुलाब जायसवाल धन्नू साहू जीतराम कृष्णा राम जी बिसेन जय राम जयराम साहू अमर सिंह आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### रायपुर आएंगे कथा वाचक रमेशभाई ओझा



**रायपुर 25 मार्च।** रायपुर में श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि जीवन के मनोरथों को पूर्ण करने वाली कथा है। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय संत रमेशभाई ओझा रायपुर आ रहे हैं। यही इस कार्यक्रम में कथा वाचन करेंगे। रमेशभाई ओझा को प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य अतिथि का दर्जा दिया है। जमकर हुई पत्थरबाजी, भाजपा-कांग्रेस दोनों तरफ के कई कार्यकर्ता को चोट, कार्यालय में कालिख पोती, रायपुर शहर के महापौर ने इस आयोजन के लिए निश्शुल्क आयोजन स्थल की व्यवस्था दी है। ये कथा कार्यक्रम शहर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में शहर के समस्त गुजराती समाज( 26 घटक) हिस्सा ले रहे हैं। श्रीमद् भागवत् कथा को सुनने देश प्रदेश के अलग अलग हिस्सों से प्रतिदिन 5,000-6,000 भक्तों का जमावड़ा लगने वाला है।

### जोरातराई में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 31 से



**अंवरी 25 मार्च।** ग्राम जोरातराई अं मे श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन दिनांक 31 मार्च से 4 अप्रैल तक पांच दिवसीय रखा गया है । कथा दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा । कथावाचक सर्वेसर्वानंद सरस्वती जी होंगे। रामस्वरूप साहू ने बताया कि जिसकी तैयारी मे बंशी साहू , धनसिग साहू , पंचम पाल , अशोक पाल, धनसाय साहू, नेमीचंद साहू , गोविंद सिंह राजपूत, गणपत निषाद, रामदेव साहू , उदय पाल , प्रकाश निषाद , प्यारेलाल पाल , मनहरण पाल, ईश्वर निषाद , मुकेश साहू , रामजी तारक, हरिश्चंद्र तारक , प्रेमालाल साहू , संतोष साहू , नंदकुमार हिरवानी , देवनारायण साहू , बालमुकुन्द साहू, नंदकिशोर साहू , प्रकाश तारक , कामता साहू , हरि पाल , गणेश निषाद , देव साहू , घनश्याम यादव , उमराज निषाद , भीम निर्मलकर, नरेंद्र निर्मलकर , राधेश्याम पाल, टेकराम निर्मलकर , दिरबी निर्मलकर , भागवत साहू , चन्द्रिका निर्मलकर, पुराणिक विश्वकर्मा , नरेश यदु , चिन्ता निषाद , गिरधारी साहू आदि लगे हुए है ।

### अंगार मोती माता के दरबार में जले आस्था के जोत



**अंवरी 25 मार्च।** चैत्र नवरात्रि के पहले दिन ग्राम पुरेना में स्थित अंगार मोती माता के दराबार में आस्था की 18 ज्योति प्रज्वलित की गई। मंगलवार को नवरात्रि के पहले दिन पूरे विधि विधान से ज्योति कलश की स्थापना की गई। यह जानकारी मंदिर के पुजारी महेश टंडन, हरिश टंडन धर्मेंद्र साहू मखान राम साहू होरी लाल, दिलेश साहू, विजय जोशी ने दिया।

### 10 ओवरहेड टैंक से 27 मार्च को संध्याकालीन जलप्रदाय नहीं होगा

**रायपुर 25 मार्च।** नगर पालिक निगम रायपुर के जल कार्य समिति अध्यक्ष श्री सतनाम सिंह पनाग ने जानकारी देते हुए बताया कि 80 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट के पास 1200 एम. एम. व्यास की क्षतिग्रस्त मेन राईजिंग पाईप लाईन की मरम्मत का कार्य करने के कारण दिनांक 27 मार्च 2023 को 80 एम.एल.डी. प्लांट से भरने वाली ओव्हरहेड टैंक डंगनिया, गंज, गुढ़ियारी, राजेन्द्र नगर, तेलीबांधा, शंकर नगर, खमतराई, भनपुरी, ईदगाहभाठा पुरानी टंकी एवं श्याम नगर से सुबह जलप्रदाय होने के पश्चात् शाम को जलप्रदाय नही होगा तथा दिनांक 28 मार्च 2023 को सुबह जलप्रदाय आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा। उपरोक्त के अलावा शहर में स्थित अन्य जलागारों एवं पावर पंपों से जलप्रदाय यथावत रहेगा।

### ब्लाक युवा कांग्रेस भखारा ने देखी सदन की कार्यवाही



**अंवरी 25 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के ऐतिहासिक बजट सत्र में आज इस पांच वर्षीय बजट के अंतिम दिन ब्लाक युवा कांग्रेस भखारा के युवाओं ने सदन की कार्यवाही देखी जहा एक ओर विपक्ष की छत्तीसगढ़ के विकास में अवरोध करने वाले अनर्गल तथ्यों को विपक्षी नेताओं के द्वारा अपने 15साल के छत्तीसगढ़ को गर्त मे ले जाने वाले कार्यो पर खुद को शाबाशी देने वाले का बखान कर हसी का पात्र बन रहे वही छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा छत्तीसगढ़ की विकास,छत्तीसगढ़ मजबूती, किसान साथियों के सबल होने की दिशा में निर्णायक फैसला करते हुए आगामी सत्र से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा सदन में की ,हसी का पात्र बनते हुए कुरूद विधायक ने रिक्त पदों पर भर्ती का मुद्दा उठाया जिसमे सत्ता की ओर से राजभवन में अटके आरक्षण जवाब देते हुए विधेयक पर राज्यपाल के हस्ताक्षर केन्द्र सरकार के दबाव में ना करने पर चुप्पी साध ली और अनर्गल तथ्यों पर सरकार को घेरने का असफल प्रयास किया जिसे बार बार आसंदी से सयमित होकर अपना बात रखने कहा गाय, इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा के अध्यक्ष मुकेश कोसरे, प्रभारी महामंत्री होमेंद्र साहू, ब्लाक युवा कांग्रेस भखारा के अध्यक्ष राजु साहू, पुर्व पार्षद प्रवीण कोसरे, सोमनाथ साहू, महेंद्र यादव, संतोष साहू, गैंदलाल साहू, साहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन सम्मिलित हुए।

# देश-दुनिया की प्रगति में वाहन उद्योग की बड़ी भूमिका: मुख्यमंत्री

## सांइस कालेज मैदान में ऑटो एक्सपो 2023 का हुआ उद्घाटन



**रायपुर 25 मार्च।** ऑटो एक्सपो 2023 का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज देश और दुनिया जिस गति से आगे बढ़ रही है उसमें वाहन उद्योग की बड़ी भूमिका है। पहले शहर में, मोहल्ले में और गांव में किसी - किसी के पास गाड़ी होती थी आज स्थिति यह है कि घर में चार सदस्य है तो सबके पास अलग - अलग गाड़ी है। समय बदला है, समाज में भी बदलाव आया है और गाडियों की संख्या भी बढ़ी है। छत्तीसगढ़ सरकार ने परिवहन उद्योग में बहुत सारी सुविधाएं और छूट प्रदान की है। आजीवन रोड टैक्स वाली वाहन की खरीदी पर 50 फीसदी छूट का सीधा फायदा आमजनता को मिलेगा।

श्री बघेल ने कहा कि कोराना काल में भी छत्तीसगढ़ ऐसा राज्य था जब व्यापार, परिवहन व अन्य उद्योग व्यापार बंद हो रहे थे लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार का रेवन्यू 11 सौ करोड़ से बढ़कर 16 सौ करोड़ आया यह बेहतर वित्तीय प्रबंधन और रणनीति का परिणाम था। बढ़ते प्रदूषण के प्रति भी सचेत करते हुए उन्होंने ऑटो एक्सपो में सभी को हरितक्रांति के लिए शपथ दिलाई। मार्च बीतने को है लेकिन देश में मार्केट से लोन नहीं लेने वाले तीन राज्य है ओडिशा, त्रिपूरा और छत्तीसगढ़ यह हमारे के लिए गौरव की बात है। आज हम गोबर से भी पैसा कमाने की बात कर सकते है। छत्तीसगढ़ में परिवहन सेवाएं आज यहां तक सुविधाजनक हो गई है कि अधिकांश सुविधाएं ऑनलाइन घर तक मुहैय्या कराई जा रही है। वन एवं परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर ने भी ऑटो एक्सपो के लिए शुभकामनाएं देते हुए रोड टैक्स में दी गई छूट का लाभ लेने का आग्रह किया। इस मौके पर राडा की ओर से यह घोषणा भी किया गया कि हर गाड़ी खरीदने वाले को एक पौधा दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ ऑटो केयर के संचालक सुभाष धुप्पड़ को लाइफ टाइम अचिवमेंट अवार्ड से नवाजा गया।

रायपुर ऑटोमोबाइल्स डीलर्स एसोसिएशन (राडा) द्वारा आयोजित ऑटो एक्सपो 2023 का आयोजन साइंस कालेज मैदान में 24 मार्च से 5 अप्रैल तक किया गया है। आजीवन रोड टैक्स वाली वाहन की खरीदी पर एक्सपो अवधि के दौरान 50 फीसदी छूट देने की एक बड़ी सौगात छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से दी गई है। इसका लाभ अधिकाधिक लोगों को मिल सके इसलिए एक्सपो की अवधि अब 5 अप्रैल तक रखी गई है। राडा ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल, वन आवास व पर्यावरण एवं परिवहन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर, परिवहन सचिव एस प्रकाश, परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही लोगों से अपील की है इस छूट का अधिकाधिक लाभ लें।

इस अवसर पर वन आवास व पर्यावरण एवं परिवहन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर, संसदीय सचिव एवं विधायक विकास उपाध्याय, महापौर एजाज ढेबर, आरडीए अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़, पूर्व विधायक राजकमल सिंघानिया, बालीवुड सेलिब्रिटी शाहजान पदमसी, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष अमर परवानी, फाडा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीषराज सिंघानिया, पूर्व विधायक राजकमल सिंघानिया, गोदावरी एमोबिलिटी के एमडी सिद्धार्थ अग्रवाल, इफको टोकयो इंश्योरेंस कंपनी के एचओ सूरी जी,चोलामंडलम इनवेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के बिजनेस हेड अमन शर्मा, एसबीआई के डीजीएम राकेश कुमार यादव, रायपुर मोटर मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, राडा के पूर्व अध्यक्ष शशांक शाह, अनिल अग्रवाल, जयेश पिथालिया, राडा बोर्ड मेंबर्स व राडा मेंबर्स उपस्थित थे।

# वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित






**रायपुर 25 मार्च।** राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री यशपाल गुप्ता की अनुमति से वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश कार्यारिणी घोषित की । फाउंडेशन में महिला प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व श्रीमती वर्षा अग्रवाल (राजनांदगांव) को दिया गया एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष अशोक गोयल अंबिकापुर को नियुक्त किया गया ।

वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन में श्री जयसिंह अग्रवाल, श्री, रामजीलाल अग्रवाल, श्री सियाराम अग्रवाल, श्री सुरेश गोयल, श्री अरूण सिंघानिया, श्री शिवराज भंसाली, श्री विजय गुप्ता, श्री गिरधर गुप्ता श्री धनेन्द्र साहू, श्री चतुर्भुज अग्रवाल, श्री ओमी बगड़िया, श्री बी. एल. जैन, श्री विजय दानी, श्री डमरूधर अग्रवाल, श्री स्वरूपचंद जैन, श्रीकिशन खण्डेलवाल, श्री जानकीप्रसाद गुप्ता, श्री विजय दमानी संरक्षक, श्री आनंद चोपकर, श्री सुभाष अग्रवाल खरसिया, श्री हरिवल्लभ अग्रवाल प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं देंगे । प्रमुख सलाहकार के रूप में डॉ. अमर अग्रवाल, डॉ. कमलेश्वर अग्रवाल, महावीर गुप्ता, राजेन्द्र साहू दुर्ग, कमल भंसाली, केदार गुप्ता, जे. पी. श्रीवास्तव अंबिकापुर, खिलावन साहू सक्ती, श्यामसुंदर अग्रवाल, लोकेश कावड़िया, सुभाष अग्रवाल को आमंत्रित किया गया है । गोल्डी जैन, राधेश्याम साहू, शंकरलाल वैश्य, अशोक गुप्ता, श्रीमती शीला प्रजापति, जितेन्द्र गोलछा (सराफा), प्रेम सिंघानिया, मदन तालेड़ा, नारायण भूषणिया, प्रकाश पगारिया, संजय कानूगा, अरविंद अवस्थी, नवरतन माहेश्वरी, संजय गर्ग दुर्ग, दामोदर भूतड़ा, श्रीमती शशि बागड़ी, दीपक श्रीवास्तव, राकेश केशरवानी, गौतम लूंकड़, नवीन गुप्ता, अशोक शिवहरे, राजेन्द्र पारख, जितेन्द्र दोषी को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है ।

निकेश बरड़िया प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं जितेंद्र गोलछा को सह-कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है । फाउंडेशन में ऋषि गुप्ता को महामंत्री कार्यालय ,सुरेश बाफना (संगठन), अनिल गुप्ता, हरीश बंसल, श्रीमती साधना दुग्गड़, लक्ष्मीनारायण लाहोटी, हेमंत साह कुरूद, श्रीमती तुलसी साहू भिलाई , संतोष बाघमार, राजेन्द्र जैन कोरबा, कैलाश सोनी बलौदाबाजार, अजय अग्रवाल, अमर सुल्तानिया जांजगीर, कन्हैया गोयल (सक्ती), गौतम लूनिया, पवन अग्रवाल पत्थलगांव, बजरंग खण्डेलवाल, मनोज गोयल बागबाहरा, मिनेष खंडेलवाल राजनांदगांव, नितेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल को प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त किये गये । वहीं सतीश सोहाने, आर. पी. मिश्रा, प्रकाश लड्ढा, मनमोहन अग्रवाल डोंगरगढ़ , विष्णु चरण गुप्ता, संजय सोनी, कृष्णकुमार अवधिया, अनिल कश्यप, मनीष चैधरी, उमेश गुप्ता, चिंतामणि साहू, गुड्डु साहू, श्रीमती कविता साहू जगदलपुर, पंकज साहू महासमुंद, संतोष साहू, ओमप्रकाश गुप्ता, पंकज गुप्ता, श्रीमती शोभा सोनी, संजय श्रीवास्तव, कमलेश नथवानी, हितेश टांक, सुनील जिंदल बाराद्वार, प्रकाश अग्रवाल चांपा, आनंद सिंघानिया बाबा, श्रीमती अपर्णा संचेती, लोकेश चन्द्रकांत जैन, रूपेश गोयल बागबाहरा, महेन्द्र सुराना राजनांदगांव, हेमंत चोपड़ा डोंगरगांव को प्रदेश सचिव का दायित्व प्रदान किया गया साथ ही मनीष सिंघानिया, श्रीमती किरण पटेल, श्रीमती लीला प्रजापति, डॉ. आर. पी. गुप्ता को संगठन मंत्री बनाया गया है । विधि सलाहकार के रूप में सुमीत बजाज, डी आर अग्रवाल, प्रजय गावलरे सी.ए., गणपत गुप्ता, लक्ष्मी यादव, कुंदन लाल गुप्ता, चिकित्सा सलाहकार के रूप में डॉ. निधि गावलरे, डॉ. भारवी, डॉ. प्रकाश भागवत, डॉ. विवेक केशरवानी, डॉ. प्रवस चैधरी, डॉ. मुकेश केशरवानी, डॉ. अनुराधा चैधरी, चिकित्सा प्रतिनिधि के रूप में अरिहंत जैन, नारायण गुप्ता, आयकर प्रतिनिधि के रूप में संतोष लूंकड़, नरसिंह अग्रवाल नियुक्त किये गए ।

# जल बचाओ-कल बचाओ एवं नशा मुक्त भारत को लेकर जागरूकता संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 25 मार्च।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी (धमतरी) के तत्वावधान में आई.टी.आई. देवपुर एवं सरस्वती ज्ञान मंदिर देउरपारा में 24 मार्च 2023 को जल जन अभियान एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत जल बचाओ कल बचाओ एवं नशा मुक्त व्यसन मुक्त भारत से संबंधित जागरूकता संदेश लेकर यह कार्यक्रम किया गया जिसमें ब्रह्माकुमारी भावना बहन ब्रह्माकुमारी साधना बहन, श्री मिथलेश साहू ( आई.टी.आई. संस्था प्रमुख देवपुर ) एवं शिक्षक शिक्षिकाएं और 150 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे साथ ही सरस्वती ज्ञान मंदिर देउरपारा मे श्री मुकेश सिंह यादव जी (प्रधानाचार्य )साथ ही शिक्षक शिक्षिकाएं एवं 160 से अधिक छात्राएं उपस्थित रहे बीके भावना बहन ने कहा रोटी कपड़ा मकान से भी पहले पानी की जरूरत होती है आज हमारे घर में कोई मेहमान आते हैं तो उसे पहले पानी देते हैं आज किसी की तबीयत खराब होती है तो दवाई खाने के लिए भी पानी की जरूरत होती है कोई कुछ काम कर थक कर आता है तभी पानी ही लेता है आज कोई व्यक्ति अंतिम सांस भी लेता है तो पानी ही दिया जाता है गंगाजल के रूप में 70त्न पानी है 2.5 त्न आकाश में पानी है 5त्न धरती पर है तो क्या इतना में जीवन का निर्वाह संभव है इसलिए इसके बचाव के लिए हम सबको सामने आकर जागृत जागरूक होने की आवश्यकता है बीके साधना बहन ने कहा कि जल ही जीवन है जल के बिना जीवन असंभव है जल का महत्व हमारे जीवन में बहुत बड़ा है हर दैनिक कार्य हम जल के प्रयोग से ही करते हैं लेकिन आज जल की कमी एक गंभीर समस्या के रूप में सामने आ रही है इस समस्या से मुक्त होने के लिए हम सबको सामने आकर इसके प्रति जागरूक होना होगा और जब सब मिलकर समस्या को खत्म करने के बारे में विचार करेंगे तो यह समस्या खत्म हो सकते हैं देवेंद्र भाई द्वारा जग्लिंग सो प्रस्तुत किया गया अंत में बीके साधना बहन द्वारा नारा लगवाकर सबको प्रतिज्ञा कराई गई।

# पत्रकार सुरक्षा कानून पर स्टेट वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन ने सीएम का जताया आभार



**रायपुर 25 मार्च।** स्टेट वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार 24 मार्च को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात की।

यूनियन के अध्यक्ष पीसी रथ, महासचिव विरेन्द्र शर्मा, संगठन सचिव सुधीर आज़ाद तम्बोली और कुणाल दत्त मिश्रा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात करके पत्रकार सुरक्षा कानून 2023 के विधानसभा में पारित होने पर बधाई दी। देश में पत्रकारों के सबसे बड़े संगठन इंडियन जर्नलिस्ट्स यूनियन (आईजेयू ) से छत्तीसगढ़ में सम्बद्ध यूनियन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को पत्रकार सुरक्षा कानून के सार्थक पहल के लिए बधाई देते हुए भारत के संविधान की पुस्तक भी भेंट की।

ज्ञातव्य ही है कि आईजेयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के.श्रीनिवास रेड्डी (आंध्रप्रदेश) तथा महासचिव बलविंदर सिंघ जम्मू (चंडीगढ़)ने भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्रकार सुरक्षा कानून के सार्थक पहल के लिए बधाई दी है तथा अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों से अपील की है कि वे छत्तीसगढ़ राज्य के इस कानून का अनुशरण करके पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान करने के कानून बनाएं। मुख्यमंत्री निवास में मुलाकात के दौरान पीसी रथ ने मुख्यमंत्री को संगठन का संक्षिप्त परिचय दिया और संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की आगामी कार्ययोजना की जानकरी देते हुए बताया कि यूनियन के देश भर में 26 हजार से अधिक सदस्य है।

उन्होंने मुख्यमंत्री को स्टेट वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन छत्तीसगढ़ के कार्यो से अवगत कराते हुए बताया कि यूनियन किस तरह प्रदेश के अंतिम छोर तक पत्रकारों को एकजुट कर रहा है।

## कमल विहार में आधुनिक सुविधा वाले 832 नए एलआईजी फ्लैट्स बनेंगे

**रायपुर, 25 मार्च।** रायपुर विकास प्राधिकरण के संचालक मंडल की बैठक में आज वर्ष 2023-24 का बजट 6 अरब 39 करोड़ 42 लाख का रुपए का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। लाभ के इस बजट में 6 अरब 23 करोड़ 86 लाख रुपए की आवक तथा 6 अरब 20 करोड़ 01 लाख रुपए का जावक दिखाया गया है। आवक में प्रारंभिक शेष के रुप में 15 करोड़ 56 लाख रुपए तथा जावक में 19 करोड़ 41 लाख रुपए की अनुमानित अंतिम शेष की राशि दर्शाई गई है। आज प्राधिकरण संचालक मंडल की बैठक की अध्यक्षता प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री सुभाष धुप्पड ने की और प्रस्ताव संचालक सचिव और मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री धर्मेश कुमार साहू ने प्रस्तुत किया। बैठक में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व्दय श्री सूर्यमणि मिश्रा व श्री शिव सिंह ठाकुर, संचालक मंडल के सदस्य श्री राजेन्द्र पप्पू बंजारे, श्रीमती ममता रॉय, श्री मुकेश साहू, और श्रीमती चन्द्रवती साहू उपस्थित थे। वार्षिक आयः- बजट अनुमान के अनुसार संपत्तियों के विक्रय से रायपुर विकास प्राधिकरण को 1 अरब 58 करोड़ 26 लाख 31 हजार रुपए प्राप्त होगा। यह बजट का 24.75त्न है। भाड़ाक्रय एवं किस्तों, भूभाटक, किराये और संधारण शुल्क व व्यवस्थापन शुल्क से 4 अरब 26 करोड़ 80 लाख 05 हजार रुपए की आय होगी जो बजट का 66.75त्न है। इसी प्रकार संपत्तियों के फ्रीहोल्ड से 2 करोड़ 28 लाख 90 हजार रुपए की आय होगी जो बजट का 0.39% है। वार्षिक व्ययः- प्राधिकरण के योजना में व्यय में 3 अरब 78 करोड़ 01 लाख रुपए का व्यय होगा जो बजट का 59.12त्न है। योजना संधारण, विद्युत संधारण और जल आपूर्ति के परिचालन व संधारण में 23 करोड़ 70 लाख 03 हजार का व्यय होगा जो बजट का 3.71% है।

## जेके फाउंडेशन ने किया 100 महिलाओं को वुमन एचीवर अवार्ड से सम्मानित



**रायपुर 25 मार्च।** जेके फाउंडेशन द्वारा होटल द मार्क रेसोर्ट एण्ड क्लब रिसाली में पूरे छत्तीसगढ़ से आई महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवेंद्र यादव जी रहे। विशेष अतिथि डॉ सपना कुकरेजा सिंधी समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ दीपा मेघानी जी , तरुण शर्मा समाज सेवक, मेघा तिवारी वरिष्ठ पत्रकार,भिलाई प्रेस क्लब की अध्यक्ष भावना पाण्डे जी , दिलीप नाम्लीवार वरिष्ठ पत्रकार जी ,और सुभाष मालिक जी ,मिसेस पूजा महेश मिसेस इंडिया फर्स्ट रनअप,मिसेस ललिता चोपड़ा मिसेस आईवा सेंकड रनरअप, मिसेस नीतू मण्डल मिसेस सेन्ट्रल इंडिया फ़ास्ट रनर उप , मिसेस प्रतिमा सिंग मिसेस इंडिया इंटरनेशनल, मिसेस सुषमा मिंज मिसेस इंडिया फर्स्ट रनरअप, मिसेस मनमीत कौर मिसेस वर्ल्ड, मिसेस कल्पना स्वामी असिस्टेंट डायरेक्टर शिक्षा विभाग उपस्थित थी। सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर माँ दुर्गा की अर्चना की गयी ।सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ से अध्यक्ष जया रेड्डी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि देवेंद्र यादव जी ने कहा कि मेरी नजरमें महिलाये पुरषो से हर क्षेत्र में अवल होती हैं , मैं अपनी बात ही बताता हूँ जब कुछ भी नही था तो मेरा होमवर्क। मेरी दादी कर देती थी मेरी माता जी हमेशा मेरा ख्याल रखती थी और शादी के पहले से मेरी पत्नी मेरी प्रेणना रही हैं ओर मुझसे अवल रही है इसलिए मेरी नजर में सभी महिला सम्मान के काबिल है मैं अपने लाइफ में अपनी दीदी, अपनी माँ और अपनी पत्नी का बहुत ज्यादा सम्मान करता हूँ आप सब लोगो को भी हमने देखा है सभी मेहनती है अपने लक्ष्य पर अवल रही है मैं हमेशा महिला का सम्मान करता रहा हूँ और मैं हमेशा आपके साथ खड़ा हूँ । डॉ सपना कुकरेजा जी ने कहा कि आज देश के हर क्षेत्र में महिलाएं आगे है और आज यह भी पूरी महिलाये ही दिख रही है इस महिला दिवस में महिला शक्ति की बात इसलिए भी दिख रही है की मंचन में सिर्फ महिलाये को जया जी को स्थान दिया है महिलाए कभी अपने को कमजोर न समझे , महिला कभी भी पुरुषों से कम नही है वो हर क्षेत्र में पुरुषों से आगे है।

# कटे होंठ और तालू की निःशुल्क सर्जरी 26 से: केशरवानी




**रायपुर 25 मार्च।** दुनिया में 4 अरब से अधिक लोगों के पास सुरक्षित और समय पर सर्जरी की सुविधा नहीं है। आज दुनिया में जितने लोग मलेरिया, टीबी और एचआईवी को मिलाकर मर रहे हैं उससे ज्यादा लोग सुरक्षित सर्जरी के अभाव में मर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य भी स्वीकार करते हैं कि बुनियादी सर्जिकल देखभाल के प्रावधान पर ध्यान देने और ध्यान देने की चौंकाने वाली कमी है, जो स्वास्थ्य प्रणालियों का एक अभिन्न अंग है जो हाशिए पर प्रभावित करता है। दुनिया भर में, सर्जिकल देखभाल तक पहुंच में समानता समय की आवश्यकता है और अगले कुछ वर्षों में विकास क्षेत्र के भीतर महत्वपूर्ण कार्य आवश्यक सर्जरी के विशाल बैकलॉग को संबोधित करने के लिए होंगे।

सुयश हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ विवेक केशरवानी ने जानकारी दी की,सुयश अस्पताल, ऑपरेशन स्माइल इंक और इंगा हेल्थ फाउंडेशन ने 2018 में छत्तीसगढ़ में कटे होंठ और कटे तालु से पीड़ित बच्चों के विशाल बैकलॉग के इलाज की क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से एक साझेदारी की थी। तब से, छत्तीसगढ़ में 226 बच्चों को सुरक्षित सर्जरी और बाल चिकित्सा, एनेस्थीसिया, प्लास्टिक सर्जरी, नर्सिंग, दंत चिकित्सा, पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल, मनोसामाजिक देखभाल और भाषण परामर्श सहित लगभग 400 रोगियों को छत्तीसगढ़ में व्यापक देखभाल परामर्श प्रदान किया गया है।

डॉ विवेक केशरवानी जी ने ये भी बताया की 26 मार्च से 31 मार्च, 2023 तक द फ्यूचर ऑफ स्माइल्स मिशन एक निःशुल्क कटे होंठ और तालू सर्जरी शिविर आयोजित किया जाएगा। यह तीसरा निःशुल्क कटे फटे सर्जरी शिविर होगा जो सुयश अस्पताल में आयोजित किया जाएगा। एक बार फिर, तीनों संगठन कटे-फटे होंठ और तालु की विकृति वाले 120 से अधिक बच्चों का व्यापक चिकित्सा मूल्यांकन प्रदान करने के प्रयासों को मिलाएंगे और उनमें से 60 से अधिक बच्चों की जीवन बदलने वाली सर्जरी की जाएगी। मिशन संयुक्त राज्य अमेरिका, भारत और रूस के चिकित्सा और गैर-चिकित्सा स्वयंसेवकों की एक बहु-विषयक टीम की मेजबानी करेगा।

ऑपरेशन स्माइल इंडिया के कार्यकारी निदेशक और क्षेत्रीय निदेशक श्री अभिषेक सेनगुप्ता ने कहा, कटेपन के साथ पैदा होने वाला बच्चा सामाजिक रूप से हाशिए पर होता है। विभिन्न सामाजिक कलंक और वर्जनाओं के कारण, वे समाज द्वारा बहिष्कृत हैं - ये बच्चे स्कूल जाने में सक्षम नहीं हैं; कभी-कभी पूरे परिवार को भी समाज द्वारा बहिष्कृत कर दिया जाता है। एक साधारण सर्जरी बच्चे और परिवार को समाज में वापस लाने में सक्षम है। हमारा मानना है कि हर बच्चे को सामान्य जीवन जीने का मौका मिलना चाहिए।

सर्जरी के अलावा बच्चों को दांतों के इलाज, स्पीच थेरेपी और मनोसामाजिक देखभाल की भी जरूरत होती है। बहु-विषयक टीम में एक भाषण चिकित्सक, दंत चिकित्सक और मनोसामाजिक देखभाल प्रदाता भी शामिल हैं। श्री सेनगुप्ता ने कहा, ऑपरेशन स्माइल बच्चे को पूर्ण और व्यापक देखभाल प्रदान करने में विश्वास करता है, इस तरह हम यह सुनिश्चित करने में सक्षम हैं कि एक बच्चा समाज में वापस आ गया है।

मुख्य अस्पताल प्रबंधक शिजु सेबेस्टियन जी ने बताया की ऑपरेशन स्माइल, इंगा हेल्थ फाउंडेशन और सुयश अस्पताल छत्तीसगढ़ और पड़ोसी राज्यों के दूरदराज के इलाकों में बच्चों तक पहुंचने और उच्चतम गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इंगा हेल्थ फाउंडेशन, ऑपरेशन स्माइल और सुयश अस्पताल ने छत्तीसगढ़, उड़ीसा और महाराष्ट्र के कई जिलों में जागरूकता फैलाने और सामुदायिक लामबंदी गतिविधियों में लगे कई गैर सरकारी संगठनों और समुदाय-आधारित संगठन के साथ भागीदारी की। चिकित्सा मिशन के लिए 100 से अधिक रोगियों ने पंजीयन कराया है।

## एशियन पेंट्स ने नो लिमिट का प्रचार किया

**रायपुर, 25 मार्च।** किसी भी मकान मालिक के लिए बात जब सामाजिक प्रतिष्ठा और सम्?मान की हो तो एक सुंदर घर होना बहुत महत्?वपूर्ण होता है। हालांकि, बजट की बंदिश उन्हें आमतौर पर अपना घर पेंट कराने के सस्ते विकल्पों को चुनने के लिए मजबूर कर देती है, लेकिन ऐसा करते हुए वह गुणवत्?ता से भी समझौता करते हैं। उपभोक्ताओं की इसी समस्या को दूर करते हुए एशियन पेंट्स ट्रैक्टर स्पार्क एवं ऐस स्पार्क इमल्शन लॉन्च किया गया है। यह किफायती पेंट्स हैं, जो आपके घर की बाहरी और भीतरी दीवारों को शानदार फिनिश देते हैं। इन पेंट्स को सस्ते डिस्टेंपर या लोकल पेंट्स और महंगे, उच्?च गुणवत्?ता के इमल्शन पेंट्स के बीच मौजूद अंतर को भरने के लिए डिजाइन किया गया है। एशियन पेंट्स ने अपने ब्रैंड्स का प्रचार करने के लिए बजट में फिट, शौक की नो लिमिट कैंपेन लॉन्च किया। इसकी परिकल्पना ओगिल्?वी इंडिया ने की है। इस कैंपेन में इन पेंट्स को उन मकान मालिकों के लिए आदर्श समाधान के रूप में दिखाया गया है, जो अपने बजट में अच्छी क्वॉलिटी के पेंट्स चाहते हैं। इस कैंपेन में एक सहकर्मी की कहानी मजाकिया अंदाज में सुनाई गई है, जो अपने नए पेंट किए हुए घर को देखता है तो सोचता है कि इन किफायती पेंट्स से हुई बचत से वह अपनी कई बाकी इच्छाओं को पूरी कर सकता है। इसका पूरा श्रेय ट्रैक्टर स्पार्क और ऐस स्पार्क इमल्शन को जाता है।

## जुनेजा ने किया 20 लाख के नर्माण कार्य का भूमिपूजन

**रायपुर 25 मार्च।** उत्तर विधानसभा के विधायक छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष श्री कुलदीप सिंह जुनेजा ने अपने विधानसभा क्षेत्र एवं प्रदेश के विभिन्न मुद्दों पर विधानसभा में बात उठाई कई महत्वपूर्ण विषयो पर गहन चर्चा हुई उत्तर विधानसभा में सड़क डामरीकरण निर्माण कार्य सतत् रूप से चल रही है सिविल लाइन वार्ड क्रमांक 47 अंतर्गत सीएसईबी ऑफिस विद्युत मंडल के पीछे जज कॉलोनी में रहवासियों के साथ 20 लाख के सड़क डामरीकरण निर्माण कार्य का विधिवत् पूजन कर श्रीफल फोड़कर भूमिपूजन किया । विगत दिनों बने शंकर नगर में नव निर्मित सड़क का जायजा भी लिया एवम गुणवत्ता निरीक्षण किया।

संपादकीय

## अब राहुल गांधी को सबक लेना चाहिए

राहुल गांधी को मानहानि के मामले में सूरत की कोर्ट ने दो साल की सजा सुनाई है। उस पर मोदी सरनेम वालों की मानहानि का मामला चल रहा था। इस मामलें में सुनवाई के बाद कोर्ट ने माना कि राहल गांधी ने मानहानि की है इसलिए उन्हें दो साल की सजा सुनाई गई। साथ ही जमानत देकर ऊंची अदालत में अपील करने के लिए एक महीने का समय दिया है। राहुल गांधी ने वह बोला जो नहीं बोलना था। देश में कानून का राज है। कानून सबके लिए बराबर है। जो भी गलत करेगा, उसे सजा तो मिलेगी ही। कोई भी व्यक्ति किसी आदमी या जाति के विषय में ऐसा नहं बोल सकता जिससे आदमी या जाति को अपमानजनत लगे। अभिव्यक्ति की आजादी मतलब यह नही है कि किसी का अपमान करने की आजादी मिल गई है। गांधी परिवार से पहली बार किसी नेता को सजा सुनाई गई है। इससे कांग्रेस व राहुल गांधी को सबक लेने की जरूरत है। क्योंकि यह पहली बार नहीं है जब राहुल गांधी ने कुछ कहा है और उसके लिए उन्हें कोर्ट में माफी मांगनी पड़ी है या सजा सुनाई गई है। राहुल गांधी को इससे पहले दो बार सुप्रीम कोर्ट में झूठ कहने के लिए माफी मांगनी पड़ी है। वह बार बार वही गलती करते रहेंगे तो कोर्ट हमेशा उन्हें माफ नही कर सकती। इस बार कोर्ट ने उन्हें सजा सुनाई है। उनके पास मौका है आपने उनके आपको को बचाने का। इस घटना का कांग्रेस,राहुल गांधी सहित विपक्ष पर भी असर तो पड़ेगा ही। राहुल गांधी पर यह असर पड़ेगा कि अब उन्हें जो कुछ सार्वजनिक तौर पर कहना है सोच समझ कर कहना होगा। क्योंकि अब उन्हें माफी भी नही मिलेगी क्योंकि उनके बार बार वही गलती से माना जाएगा कि वह जानबूझकर गलती करते हैं तथा माफी मांगने आ जाते हैं। कांग्रेस पर यह असर पड़ेगा कि जिस राहुल गांधी को वह पीएम मोदी के मुकाबले के लिए तैयार कर रही थी, जिसकी अच्छी छवि बना रहे थी, वह छवि राहुल गांधी ने पहले तो लंदन में बयान देकर खराब की, अब जो बची खुची छवि थी वह कोर्ट के फैसले से खराब हो गई है। कांग्रेस उन्हें पीएम पद का दावेदार बनाना चाहती थी। अब सजा सुनाए जान, संसद सदस्यता रद्द हो जाने बाद उनकी दावेदार कमजोर हो जाएगी क्योंकि विपक्ष उन्हें किनारे लगाने के लिए कह सकता है कि राहुल गांधी को तो सजा सुनाई जा चुकी है।वह अब संसद सदस्य भी नहीं है, ऐसा व्यक्ति पीएम पद का दावेदार कैसे हो सकता है। राहुल गांधी के सावधानी से नहीं बोलने के कारण राहुल गांधी व कांग्रेस की महीनों की मेहनत पर पानी फिर जाता है। मात्र कुछ गलत कह देने से। विपक्ष तो पहले ही राहुल गांधी को पीएम पद का दावेदार मानने से मना कर रहा था। हालांकि उसने साफ साफ नहीं कहा लेकिन संकेतों में जो कुछ कहा गया उसका मकसद यह था कि पहले विपक्ष एकजुट तो हो, पीएम पद के उम्मीदवार का फैसला चुनाव के बाद कर लिया जाएगा। राहुल गांधी के पास अभी खुद को बचाने के लिए समय है। वह उसमें सफल रहे तो वापस पीएम पद के दावेदार हो सकते हैं। तब तक तो उन्हें वह महत्व पहले नहीं मिलने वाला जो अब तक मिल रहा था। जहां तक कांग्रेस का सवाल है तो उसे राहुल गांधी की नई छवि बनाने के लिए फिर से प्रयास करना होगा। भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण शुरू करना होगा। भारत जोड़ो यात्रा के पहेल चरण में राहुल गांधी की छबि सुधरी थी, निखरी थी। हालांकि यात्रा के दौरान भी उन्होंने ऐसी बातें कही थी जिस पर देश में खूब चर्चा हुई। अब जब कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण शुरू करें तो उसे राहुल गांधी से ज्यादा सावधान रहने की जरूरत होगी कि वह फिर ऐसा कुछ न कहें कि कांग्रेस व राहुल गाधी की छवि खराब हो। इसके लिए सबसे अच्छा तरीका यही है कि राहुल गांधी अब लिखा हुआ भाषण पढ़ें। वह खुद भाषण देते हैं तो वह शब्दों का चयन ठीक से नहीं क पाते है और उनके कहे को लेकर विवाद शुरू हो जाता है। चुनाव जीतने के लिए जरुरी है कि राहुल गांधी अब ऐसा कुछ न कहें कि जिससे उनके खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज हो। राहुल गांधी तो बार बार गलती करते हैं,अब यह कांग्रेस की जिम्मेदारी है कि उन्हें गलती करने का मौका ही न दे। जहां भी राहुल गांधी को कुछ कहना है तो वह कांग्रेस पहले से लिखकर राहुल गांधी को दे। वही पढ़ने को कहे तथा अलग से कुछ भी कहने से मना कर दे। राहुल गांधी से कांग्रेस को बहुत उम्मीदें है, राहुल गांधी को कांग्रेस के लिए कम से कम अब वैसी गलती करने से बचना चाहिए जैसी गलती वह अब तक करते आ रहे हैं। आदमी एक बार गलती करता है तो माना जाता है कि हो गई होगी लेकिन जब बार बार होती है तो माना जाता है कि वह जानबूझकर की जा रही है। जानबूझकर की गई गलती की माफी नहीं मिलती है, सजा मिलती है।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आपका आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन राहतपूर्ण रहेगा। परिवार व स्वयं के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी बढिया कम्पनी में साक्षात्कार के लिए बुलावा आयेगा। हल्की थकान रहेगी। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। घर के कामों में परिवार के लोग का सहयोग मिलता रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदना चाहते हैं तो आज का दिन अच्छा है।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)**-आज आपका चंचल स्वाभाव कुछ लोगो को पसंद आयेगा। आज आप अपने व्यवसाय की गति बढ़ाने के लिए नया प्लान तैयार करेंगे। अगर आप वाहन खरीदने का योजना बना रहें तो थोड़ा रुक जायें। लम्बे समय से सोचा हुआ कार्य आज पूरा हो जाएगा। आज आपको आय के नये स्त्रोत प्राप्त होंगे। आज बॉस आपके कार्यो को देखकर आपकी प्रशंसा करेंगे।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)**-आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर सकारात्मक परिणाम मिलेगा। महिलाएं अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती हैं, दोनों के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। आर्किटेक से जुड़े लोगों को अच्छी जॉब का ऑफर मिलेगा।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-आज आप परिवारवालों के साथ समय बितायेंगे। घर में खुशी का महौल बना रहेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा होने के योग बन रहे है। टेन्ट हाउस का व्यवसाय करने वाले लोगो के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है । कहीं रुका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आर्थिक पक्ष पहले से और मजबूत होगा। स्वास्थ्य बेहतर बनाये रखने के लिए खान-पान का खास ख्याल रखने की जरुरत है।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे पूराने काम आसानी से हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। साइंस से जुड़े बच्चों को अच्छी जॉब का अवसर मिल सकता है। बिजनेस के सिलसिले में दोस्त के साथ बाहर जा सकते हो। व्यापार को लेकर आपके पार्टनर से अनबन ना हो इसलिए अपनी वाणी पर संयम रखें।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-आपका आज का दिन बेहतर रहेगा। परिवार के सभी सदस्यों को आनन्द की प्राप्ति होगी। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा होगा। आपके व्यापार में दिन दूनी रात चौगुनी वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बना रहेगा। छात्रों को किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हाथ लगेगी। बिना वजह घर के किसी सदस्य पर गुस्सा करने से बचें। आज भाई बहन के साथ गेम्स खेल कर समय बिताएंगे।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-आज आपका दिन सामान्य रहेगा । बिजनेसमैन के लिए आज का दिन फायदा दिलाने वाला होगा। इस राशि की महिलाएं आज कोई उद्योग शुरू कर सकती है, जिसमे जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक समस्या के कारण आज आप सोच विचार में रहेंगे। साथ ही समस्यायों का हल निकालने के लिए प्लान भी बनायेंगे।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। अगर आप नयी जमीन लेने की योजना बना रहे हैं, तो घर के बड़ों की राय जरूर लें। इस राशि के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बेहतर परिणाम देने वाला रहेगा। प्रेमी अपने साथी से अपने दिल की बात शेयर करेंगे। इससे रिश्तों में और मधुरता बढ़ेगी। शाम को परिवार के साथ किसी जरूरी मामले पर बात होगी । साथ ही आज आपको परिवार की जरूरतों का भी ख्याल रखने की जरुरत है।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**-आज आपको मेहनत का फल जरूर मिलेगा। कई दिनों से चल रही कड़ी मेहनत आज रंग लाएगी। कार्यालय में आज आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी, जिसे आप बखूबी निभायेंगे। आज किसी कार्य को पूरा करने के लिए आस-पास के लोग का सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी पर भरोसा बनायें रखें, रिश्ते में और मजबूती आयेगी।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-आपका आज का दिन सामान्य रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। आज आपको अपने गुरू की मदद से आपके करियर को नयी दिशा मिलेगी। आप आप अपने कार्यालय का काम समय से पूरा करने में सफल होंगे। छात्र किसी प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेने के लिए आज फॉर्म भरेंगे।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-आपका आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके सभी कार्य आसानी से पूरे होंगे। आज आपको किसी सामाजिक समारोह में सम्मलित होने का मौका मिलेगा। आज आपकी बातों से लोग प्रभावित होंगे। छात्रों को आज बेहतर परिणाम हासिल होंगे। कई दिनों से चल रही दोस्ती आज प्यार में बदल सकती है। पारिवारिक समस्यायों का समाधान ढूंढने में आज आप सफल होंगे।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**-आज आपका दिन उत्तम रहेगा। नौकरी में पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। कार्यालय में आपकी कड़ी मेहनत को देखते हुए आपको सम्मानित किया जा सकता है। पहले की हुई गलती से दोस्तों से बिगड़े हुए रिश्तों में आज सुधार आएगा। आज परिवार वालों के साथ घर पर स्वादिष्ट डिनर का आनंद उठाएंगे आज आपके जीवन में चल रही सारी परेशनियों का हल निकलेगा।

# मानव इतिहास की अंतिम पीढ़ी अब चला - चली की बेला में

### चिंतन

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा,राजनांदगांव**

वर्तमान समय हम सबके लिए बहुत ही मूल्यवान समय है । इस वक्त हमारे साथ ऐसे लोगों का उठना - बैठना है , जिनके पास ज्ञान का अथाह भंडार है । यह पीढ़ी कोई और नहीं बल्कि ऐसे लोगों का समूह है जो , अब 60 वर्ष से अधिक उम्र के हो चले हैं । यही वह समय है जब हम अपनी इस पीढ़ी से ज्ञान और सद - व्यवहार के साथ ही अपने धार्मिक और सामाजिक कर्तव्यों की पूर्ति का ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं । यही वह पीढ़ी है जो सूर्योदय के पूर्व निद्रा त्याग कर भारतीय संस्कृति को संजोए रखने में अहम भूमिका का निर्वहन कर रही है । इस पीढ़ी में उन लोगों का समावेश है , जिन्होंने अपने जीवन में संघर्षों को पराजित करने में विजय प्राप्त की है । यही वह वर्ग है जिसने सूरज की तपती गर्मी को भी ललकारने का साहस दिखा पाया है । हमारी इस जिम्मेदार विहीन है बरसात के थपेड़ों को भी पीछे हटने विवश कर दिया । पूस की कड़कड़ाती बर्फीली रातों में भी इस पीढ़ी ने अपने परिवार के लिए अपने तन के वस्त्रों की चिंता न करते हुए अपने बच्चों के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया । ऐसे लोगों के संघर्ष को यदि हमने अपने जीवन में स्थान प्रदान नहीं किया , तो यह सुनिश्चित है कि हमारी वह पीढ़ी जो अभी चलना सीख रही है अथवा खड़े होकर अपना दायित्व समझना शुरू किया है , उसे मजबूती नहीं दे पाएंगे ।

मैं अपने इस लेख में जिस पीढ़ी के विषय में बात करना चाह रहा हूं , वह पीढ़ी आने वाले 15 से 20 वर्षों में हमसे विदा लेकर जा चुकी होगी । इस पीढ़ी में ऐसे लोगों का समावेश है जो रात में जल्दी सोते हैं और सुबह सूर्योदय से पूर्व जाग जाते हैं । इनके प्रतिदिन के कार्य भी हम सब से अलग हैं । इनकी दिनचर्या बिस्तर त्यागने के साथ पूजा के लिए फूल चुनने से शुरू होती है । पौधों को पानी देना , उनके जीवन को सार्थक करना , प्रतिदिन कुछ भी कार्य शुरू करने से पूर्व अथवा नाश्ते से पहले ईश्वर की आराधना करना इनका प्रमुख कर्तव्य हुआ करता है । घर में उनसे अधिक उम्र के लोगों का चरण स्पर्श करना , उनसे आशीर्वाद लेना , फिर अपने दैनिक कार्यों की शुरुआत करना इनके नियमित दिनचर्या में शामिल है । यही वे लोग हैं जो सुबह के समस्त कार्यों से निवृत्त होकर जब बाहर निकलते हैं तो मेल मुलाकात करने वालों से बड़ी ही सज्जनता से पेश आते हैं । दोनों हाथ जोड़कर आगंतुकों से प्रणाम करना , उनका हाल - चाल जानना , उनके सुख-दुख को समझना , इस पीढ़ी का सर्वश्रेष्ठ गुण माना जा सकता है । हम इन्हें सीनियर सिटीजन के नाम से जानते हैं । इनकी दुनिया हम सब से अलग बेहतरीन मानी जा सकती है । सुबह मंदिर जाकर ईश्वर के सामने सबकी कुशल क्षेम के लिए प्रार्थना करना । इससे भी पूर्व सुबह जल्दी उठ कर भ्रमण करना । ताजी हवा का आनंद लेना और अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना भी हम इस पीढ़ी से सीख सकते हैं । अपने परिजनों की चिंता करते हुए खुद के शौक को ताक पर रखकर बच्चों की हर इच्छा पूरी करने की कोशिश भी इस पीढ़ी की अलग पहचान मानी जा सकती है ।

घर पर ही पापड़ , बड़ी , अचार बनाना । सब्जियों में पढ़ने वाले मसालों को घर पर कूटकर तैयार करना । बाजार से देसी सब्जी खोज - खोज कर लाना और अपने परिजनों के स्वास्थ्य को उत्तम बनाए रखने का प्रयास भी केवल इसी पीढ़ी में देखने को मिल रहा है । आज हम जिस नई पीढ़ी के साथ आगे बढ़ रहे हैं ,उस पीढ़ी में ऐसे लोग शामिल हैं जो न तो रात में जल्दी सोते हैं और न ही सुबह जल्दी जागते हैं ।घर पर पापड़ ,बड़ी ,अचार बनाने की बात तो दूर , भोजन बनाने में भी इनकी ललक कम ही नजर आती है । वह समय दूर नहीं जब इस पीढ़ी के लोगों का परिवार घर पर भोजन तैयार करने वालों को भी ठीक उसी प्रकार वेतन देकर तैनात कर दिखाएगी जैसा कि आज बर्तन , कपड़े, झाड़ू - पोछे के लिए किया जा रहा है । हमें अपने इन अनुभव से परिपूर्ण लोगों का साथ बहुत लंबा मिल पाएगा , इसमें संशय है । हम यह देख रहे हैं कि हमारी इस पीढ़ी के हमारे सीनियर सिटीजन वही पुराने पहनावे धोती ,कुर्ता या फिर बंडी और स्लीपर के साथ ही हमें नजर आते हैं । क्या उनके मन में नवीन आधुनिकता भरे वस्त्र और अन्य तरह के शौक प्रबल नहीं हो रहे होंगे ? यह सवाल आज हमें खुद से पूछने की जरूरत है । यह भी सर्वे का विषय हो सकता है कि हमारे अपने बुजुर्ग भला क्यों इतना त्याग कर रहे हैं ? जिस दिन हम अपने इन बुजुर्गों से कुछ सीखने का प्रयास शुरू कर देंगे , यह निश्चित है कि हमारे भीतर घर कर गई असभ्यता कोसों दूर चली जायेगी । दूसरों के प्रति मान सम्मान भी पनपने लगेगा । आपस में मिल - बैठकर एक दूसरे के सुख - दुख की जानकारी लेना और उन्हें सहायता पहुंचाना भी इसी पीढ़ी की जागीर है । आज हमारी वह पीढ़ी जो 18 से 25 वर्ष की उम्र में खड़ी दिखाई पड़ रही है , वह अपने हाथ में पकड़े 6 से 8 इंची मोबाइल नामक उपकरण में उलझी हुई है । सगे - संबंधियों से बात करना तो दूर , अपने ही घर में एक ही कमरे में साथ बैठे रहने के बावजूद बातचीत न करना और मोबाइल पर अपने मन की बातों से औरों को जोड़े रखना इस पीढ़ी की सबसे बड़ी कमी कहीं जा सकती है । हमारे बीच अपना अंतिम समय बिता रहे लोग धीरे-धीरे हम सबके बीच से विदा लेते जा रहे हैं । यह ऐसे लोग हैं जिनके हर काम में कोई ना कोई निष्ठा छुपी हुई है । आज जरूरत है हम उसे समझे और अंगीकार करें । मनुष्य के लिए संतोषी जीवन , सादगी पूर्ण जीवन , प्रेरणा देने वाला जीवन ,मिलावट और बनावट रहित जीवन हमें केवल अपने इन वरिष्ठ वर्गों से ही प्राप्त हो सकता है । हमारी यह पीढ़ी ही हमें धर्म सम्मत मार्ग पर चलने वाला जीवन , सबकी चिंता और फिक्र करने वाला जीवन तथा आत्मीय जीवन प्रदान कर सकती है । आज मुझे अपनी इस पीढ़ी की फिक्र क्यों सता रही है ? यह मैं भी नहीं जान पा रहा हूं । इतना अवश्य है की इस पीढ़ी के जाने के बाद शायद हमें सारगर्भित जीवन , जीने की प्रेरणा देने वाला वर्ग नहीं मिल पाएगा । वर्तमान और इस कलयुग में जीवन यापन करने वालों का व्यवहार अपनी कुछ छाप यदि छोड़ पाएगा , तो वह स्वार्थमय जीवन और खुद के आनंद - उत्साह से सराबोर जीवन रूपी इतिहास ही आने वाली पीढ़ी के लिए छोड़ सकेगा । कारण यह कि जो संस्कार हमें अपनी इस उम्र में स्वीकार करना चाहिए हम उससे भाग रहे हैं । तब मुझे ऐसा लगता है कि बोया पेड़ बबूल का , आम कहां से होय वाली कहावत ही चरितार्थ हो सकती है ।

जहां तक मैं समझता हूं हमारी यह बुजुर्ग पीढ़ी मानव इतिहास की अंतिम पीढ़ी हो सकती है । यही वह पीढ़ी है जिसने अपने बुजुर्गों को सुना और अब अपने बच्चों की सुन रहे हैं । इन्होंने कभी अपने से बड़ों के सामने मुंह नहीं खोला और ना ही विवशता के चलते आज अपने बच्चों के सामने बोलने की हिम्मत कर रहे हैं । इसे हम उनकी मजबूरी ना समझें बल्कि उनके व्यवहार में छिपे आत्मीय गुण को पहचानने का प्रयास करें । हो सके तो इस पीढ़ी को सम्मान देने का प्रयास करें । उनके अंतर्मन को समझते हुए कभी भी उन्हें दुख ना पहुंचाएं । यही उनके प्रति हमारी बड़ी श्रद्धा हो सकती है । हमें यह उम्मीद करना छोड़ देना चाहिए कि आने वाले समय में इस तरह की पीढ़ी के हमें पुनः दर्शन हो पाएंगे , क्योंकि आज हमारी जवान पीढ़ी जिस तरह से सांसे ले रही हैं उसमें भी कहीं ना कहीं खुद के स्वार्थ का पुट नजर आता है । बुजुर्गों को अपनापन ,समय और सम्मान देना ही हमारा कर्तव्य होना चाहिए ।

# प्राचीन अनाज भंडारण पद्धति कोठी लुप्त होने के कगार पर

### अनाज भंडारण

**सुनील कुमार महला**

भारत एक कृषि प्रधान और अनाज के मामले में आत्मनिर्भर देश है। अनाज भंडारण आज भी हमारे देश में एक विकट समस्या ही है और भंडारण की समुचित व्यवस्था न होने के कारण बहुत सा अनाज खराब हो जाता है। अन्न को वैसे भी भारतीय संस्कृति में ब्रह्म का दर्जा दिया गया है। आइए हम जानते हैं कि प्राचीन समय में हमारे यहाँ के किसान किस प्रकार से बुआई-कटाई से ले कर अनाज के भण्डारण तक की समुचित व्यवस्था करते थे, जिसे आज भी अपनाये जाने की आवश्यकता है, ताकि अनाज को खराब या बर्बाद होने से बचाया जा सके।प्राचीन समय से ही हमारी कृषि, पशुपालन के साथ ही हमारे देश की अनाज भंडारण व्यवस्था बहुत ही विकसित और उन्नत थी।सिंधु घाटी सभ्यता में अन्न भंडार हड़प्पा और मोहनजोदड़ो के शहरों में पाए गए थे। वास्तव में, सच तो यह है कि

मोहनजोदड़ो और हड़प्पा की खुदाई से पता चला कि साढ़े चार हजार साल पहले सिंधु घाटी की सभ्यता में गेहूं की खेती हो रही थी और उस समय तब गेहूं के भंडारण की भी क्षमता प्राप्त कर ली गई थी। जानकारी मिलती है कि 2600 ईसा पूर्व आते आते नगरों की शुरुआत हो गई थी और इसी काल में लोगों ने बड़ी-बड़ी दीवारें और चारदीवारी बनाकर अनाज के भंडारण की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। यहाँ तक कि मिट्टी के बर्तन बनना भी अब तक शुरू हो चुके थे। वास्तव में, हमारी प्राचीन सभ्यता आहड़ (सभ्यता-संस्कृति) में अनाज रखने के बड़े मृदभांड (मिट्टी से बने बरतन) प्राप्त हुए हैं। इन मृदभांडों को गोरे बंकोठ कहा जाता था। वैसे कालीबंगा पुरास्थल में जुते हुए खेत मिले हैं। समय,काल व परिस्थितियों के साथ साथ हमारे देश की प्राचीन संस्कृति, धार्मिक परम्परा व रीति रिवाजों में आमूल चूल परिवर्तन आए हैं। लेकिन गांवों में आज भी कई रीति रिवाज व परम्पराएं सदियों से चली आ रही है। अनाज भंडारण परंपरा भी इनमें से एक है। अनाज भंडारण के लिए प्राचीन समय में टोकरियों, बोरियों और जार, मृदभांड आदि का उपयोग किया जाता था। कुछ समुदायों के पास एक अलग गोदाम(मिट्टी, गोबर, चिकनी मिट्टी, के लेप से बना) होता था जहाँ वे एक बड़े ढेर में अनाज रखते थे। प्राचीन काल में और आज भी बहुत से गांवों में बाजरा, गेहूं, मोंठ, मूंग व अन्य अनाजों को गोबर, चिकनी मिट्टी व लकड़ियों, घास-फूस से बनी कोठियों जिन्हें राजस्थान के ग्रामीण इलाकों विशेषकर चूरू,झुंझुनूं, सीकर(शेखावाटी) में कोठी या कुठला के नाम से जाना जाता है, में वर्षों तक सुरक्षित भंडारण किया जाता था। कोठी के अनाज में राख मिलाकर कीट-कीटाणुओं से बचाकर रखा जाता है। वहीं इसके निचले हिस्से में एक छेद रखा जाता है, जिससे अनाज को आवश्यकतानुसार उपयोग में लिया जाता है। कोठी के ऊपर के भाग से अनाज को रखा जाता है। राजस्थान के गांवों में आज भी अनेक स्थानों पर इन मिट्टी, गोबर, चिकनी मिट्टी के लेप से बनी कोठियों तीज- त्यौहारों व विभिन्न अवसरों पर इन पर मांडने(पशु-पक्षी,फूल-पत्तियाँ, बेल, मोर,रंगोली, हाथी अल्पना) बनाए जाते हैं। इस झोपड़ीनुमा अनाज कोठी(कुठला) को घास से ढ़ककर इसकी साज-सज्जा की जाती थी। आकृति में यह बीच में से पेट की तरह मोटा, और ऊपर व नीचे से पतला रखा जाता था और इसका आधार जमीन पर टिका रहता था। राजस्थान के चूरू, सीकर, झुंझुनूं जिलों के साथ सरदारशहर(चूरू) में आज भी मिट्टी से बने कुठले देखने को मिल जायेंगे। वैसे प्राचीन समय में ओबरी या ओबरों में भी अनाज रखा जाता था लेकिन ओबरी में चार या पांच पाये होते हैं और ये पाये अंदर से थोथे (यानी कि खाली) रखे जाते थे और इनमें अनाज भर दिया जाता था। ओबरी के एक किवाड़(लकड़ी) भी रखा जाता था। प्राचीन समय में ओबरियों,कुठलों में

बारिश व आंधी में भी अनाज सुरक्षित रहता है। चूहों से व अन्य जीव-जंतुओं से भी अनाज की सुरक्षा होती थी। स्थानीय भाषा में इन्हें कोठ्यार(अनाज भंडारण गृह) कहा जाता है। वैसे आज भी गांव घरों में शादी-ब्याह में मिठाई रखे जाने वाले कमरों, स्थान को भी कोठ्यार कहा जाता है। राजस्थान ही नहीं पहाड़ी क्षेत्रों में भी इनमें(कुठलों, कोठ्यारों, ओबरों) धान, गेंहू, कोदू, झंगोरा, चौलाई या दालें सुरक्षित रखी जाती है। पहाड़ी क्षेत्रों में इन्हें (कोठ्यार) कोल्ड स्टोर भी कहा जाता है। पहाड़ी क्षेत्रों व राजस्थानी क्षेत्र के कोठ्यार में फर्क सिर्फ़ इतना होता है कि राजस्थान में ये मुल्तानी मिट्टी, गोबर, घास फूस,हल्की लकड़ी के बने होते हैं जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में ये कोठार देवदार की लकड़ी से बनाए जाते हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में भी इन पर शानदार नक्काशी की जाती है। इन कोठ्यार की भंडारण क्षमता भी अद्भुत होती है, क्योंकि देखने में बहुत छोटे दिखने के बावजूद इनमें काफी मात्रा में अनाज का भंडारण किया जा सकता है। इन कोठ्यारों का दरवाजा बहुत ही छोटा-सा होता है और ताला भी होता है। ताला खोलने के लिए एक लंबी छड़नुमा आकर की चाबी होती है। इन कोठ्यारों का ताला खोलना हर किसी की वश की बात नहीं होती है और ताला बड़ी तरकीब के साथ खोलना होता है। कोठ्यार या कोठार अथवा कुठार की सबसे खास बात यह होती है कि इसके दरवाजे से मुख्य घर से एक सांगल/चेन बंधी रहती है और उसमे बीच-बीच में घंटियां भी बंधी रहती हैं ताकि यदि कोई चोर चोरी करने के इरादे से कुठार में घुसने की कोशिश भी करेगा तो घर के लोगों को पता चल जाता है कि चोरी होने वाली है। इस प्रकार से सुरक्षा की ये अनोखी तरकीब होती थी लेकिन आज कुठार बहुत कम देखने को मिलते हैं। वास्तव में प्राचीन समय में, अनाज, खाद्यान्न आदि के भंडारण का जो तरीका हमारे बुजुर्गों ने ईजाद किया था वो आज तक भी बड़े से बड़े इंजीनियर और विज्ञान भी नहीं कर पाया हैं। लकड़ी के इस भंडार गृह में न तो कीड़े पड़ने की संभावना रहती है न कोई फफूंद, शैवाल लगने की। वास्तव में इन भंडार गृहों में कुठार हमारी लोक संस्कृति की झलक देखने को मिलती थी लेकिन आज गांव घरों में ये नहीं बचे हैं। आज इनके स्थान पर लोहे की टंकियां, कंक्रीट के बने गोदाम आ गये हैं। प्राचीन (आदिम अन्न भंडार) प्रायः मिट्टी के बर्तनों से बनाए जाते हैं। भंडारित अनाज को चूहों और अन्य जानवरों से और बारिश के पानी से दूर रखने के लिए अनाज को अक्सर जमीन के ऊपर बनाया जाता था। उस समय अनाज को धूप में सुखाया जाता था। वैसे यहाँ यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि बिहार की राजधानी पटना में प्रसिद्ध %गोलघर% स्तूप (अनाज भंडारण हेतु) स्थित है जो कि लगभग 125 मीटर व्यास का है और जिसकी ऊंचाई 29 मीटर है। विकिपीडिया पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार 1770 में आई भयंकर सूखे के दौरान लगभग एक करोड़ लोग भुखमरी के शिकार हुए थे। तब के गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग ने गोलघर के निर्माण की योजना बनाई थी, ब्रिटिश इंजीनियर कप्तान जॉन गार्स्टिन ने अनाज़ के (ब्रिटिश फौज के लिए) भंडारण के लिए इस गोल ढाँचे का निर्माण 20 जनवरी 1784 को शुरु करवाया था। इसका निर्माण कार्य ब्रिटिश राज में 20 जुलाई 1786 को संपन्न हुआ था। इसमें एक साथ 140000 टन अनाज़ रखा जा सकता है। अनाज भंडारण का यह बहुत बड़ा स्तूप अपने आप में अद्भुत व अनोखा है, क्योंकि कि इसमें कोई स्तंभ नहीं है और इसकी दीवारें आधार में 3.6 मीटर मोटी हैं। गोलघर के शिखर पर लगभग तीन मीटर तक ईंट की जगह पत्थरों का प्रयोग किया गया है। गोलघर के शीर्ष पर दो फीट 7 इंच व्यास का छिद्र अनाज डालने के लिये छोड़ा गया था, जिसे बाद में भर दिया गया। इसमें 145 सीढ़ियां भी बनी हुई हैं। विकिपीडिया से जानकारी मिलती है कि गोलघर के अंदर एक आवाज 27-32 बार प्रतिध्वनित होती है। यह अपने आप में स्थापत्य कला भी अद्वितीय व अनोखा नमूना है। अंत में, यही कहूंगा कि आज हमारी सनातन संस्कृति-सभ्यता में निहित हमारी परंपराओं, विभिन्न व्यवस्थाओं, पुरातन तकनीकों जिसमें अनाज भंडारण तकनीक/व्यवस्था भी शामिल है, को सहेजकर रखने की जरूरत है, क्योंकि ये धीरे धीरे विलुप्ति/समाप्ति की कगार पर पहुंच गई हैं।

## लड़कियां लीडर बनेगी तभी उनकी दुनिया बदलेगी

**प्रियंका सौरभ**

आज दुनिया 900 मिलियन किशोर लड़कियों और युवा महिलाओं की परिवर्तनकारी पीढ़ी का घर है जो काम और विकास के भविष्य को आकार देने के लिए तैयार है। यदि युवा महिलाओं के इस समूह को 21वीं सदी के कौशलों को पोषित करने के लिए सही संसाधनों और अवसरों से सुसज्जित किया जा सकता है, तो वे इतिहास में महिला नेताओं, बदलाव लाने वालों, उद्यमियों और नवप्रवर्तकों का सबसे बड़ा हिस्सा बन जाएंगी। लड़कियों और युवा महिलाओं की सबसे बड़ी पीढ़ियों में से एक भारत ने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में व्यापक पहल की है। भारत शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल और वित्तीय समावेशन, नेतृत्व निर्माण प्रदान करता है, और सतत विकास लक्ष्य 5 की उपलब्धि में मदद करने के लिए व्यवहार्य ढांचे की स्थापना की है, जो 2030 तक दुनिया को और अधिक लिंग समान स्थान बनाने की कल्पना करता है। आज देश में लैंगिक अंतर चौड़ा हो गया है और विशेष रूप से राजनीतिक सशक्तिकरण और आर्थिक भागीदारी और अवसर में लैंगिक समानता कम है। महिलाओं को पुरुषों की तुलना में काफी कम भुगतान किया जाता है, कुछ शोधों से पता चलता है कि समान योग्यता वाले समान नौकरियों में महिलाओं और पुरुषों के बीच लिंग वेतन अंतर 34त्न तक है। श्रम बल की भागीदारी देखे तो 2020 तक, भारत में दक्षिण एशियाई देशों में महिला श्रम बल की भागीदारी दर सबसे कम है, पाँच में से चार महिलाएँ न तो काम कर रही हैं और न ही नौकरी की तलाश में हैं। ऑक्सफैम के अनुसार, अप्रैल 2020 में भारत में 17 मिलियन महिलाओं ने अपनी नौकरी खो दी, उनकी बेरोजगारी दर पुरुषों की तुलना में कहीं अधिक बढ़ गई। महिलाओं के लिए आज भी काम के कम अवसर है, लॉकडाउन चरणों के दौरान महिलाओं को अपनी नौकरी खोने की संभावना सात गुना अधिक पाई गई। असमान घरेलू जिम्मेदारी- इसके संभावित कारणों में घरेलू जिम्मेदारियों का बढ़ा हुआ बोझ शामिल है, जिसे आमतौर पर भारतीय महिलाओं को उठाना पड़ता है, न केवल घर के काम बल्कि बुजुर्गों की देखभाल और बच्चों की पढ़ाई के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत होती है, जिसके लिए उनके स्कूल बंद होते हैं। अवैतनिक कार्य को कम करने के लिए अब हमारे लिए अवैतनिक देखभाल और घरेलू कार्य को पहचानना, कम करना और पुनर्वितरित करना महत्वपूर्ण है, ताकि महिलाएं पुरुषों के समान आर्थिक अवसरों और परिणामों का आनंद उठा सकें। ऐसी नीतियां जो सेवाएं प्रदान करती हैं, सामाजिक सुरक्षा और बुनियादी ढांचा, पुरुषों और महिलाओं के बीच घरेलू और देखभाल के काम को साझा करने को बढ़ावा देती हैं, और देखभाल अर्थव्यवस्था में अधिक भुगतान वाली नौकरियां पैदा करती हैं, महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर प्रगति में तेजी लाने की तत्काल आवश्यकता है। निर्णय लेने और शारीरिक स्वायत्तता हेतु महिलाओं को अपने शरीर के बारे में निर्णय लेने के लिए सशक्त होने की आवश्यकता है, जैसे कि यौन संबंध बनाना है या नहीं, यौन संबंध कब शुरू करना है, गर्भ निरोधकों का उपयोग करना है या नहीं, और जरूरत पड़ने पर स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करना है। उन्हें सभी प्रकार की हिंसा और उत्पीड़न से भी मुक्त होने की आवश्यकता है। महिलाओं और युवा लड़कियों को अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन की दिशा तय करने में सक्षम बनाने के लिए ये बुनियादी शर्तें महत्वपूर्ण हैं। रूढ़िवादि लैंगिक मानदंड जो महिलाओं को असमान रूप से घरेलू और देखभाल की जिम्मेदारियों को बढ़ाते हैं, वित्त और उद्यमशीलता के क्षेत्रों में पुरुषों का प्रतिनिधित्व, और अपर्याप्त मातृत्व अवकाश, कुछ लचीली कार्य व्यवस्था, चाइल्डकैअर सुविधाओं की कमी कार्यस्थल में कुछ ऐसी बाधाएँ हैं जो बताती हैं कि महिलाओं का बढ़ा हुआ प्रतिनिधित्व कार्य भागीदारी में तब्दील क्यों नहीं होता है। सक्रिय रूप से इन रूढ़ियों का मुकाबला करने के लिए लड़कियों के लिए शैक्षिक पाठ्यक्रम में महिला वित्तीय शिक्षा और उद्यमिता पाठ्यक्रम को शामिल करने की आवश्यकता है। ओलंपियाड, इनोवेशन लैब, बूटकैंप और प्रतियोगिताओं जैसे तत्वों का परिचय लड़कियों को व्यावहारिक अनुप्रयोगों के लिए उजागर कर सकता है और उन्हें अपने पारिस्थितिकी तंत्र में चुनौतियों का समाधान बनाने के लिए प्रेरित कर सकता है। जैसे-जैसे डिजिटल तकनीक तक पहुंच बच्चों और युवाओं के लिए अवसर और बुनियादी सेवा का एक क्षेत्र बनता जा रहा है, भाषा, सांस्कृतिक बारीकियों, और अलग-अलग समुदायों की इंटरनेट पहुंच के लिए अनुकूलित समाधानों का निर्माण और विस्तार करना लड़कियों को डिजिटल समावेशन के माध्यम से ज्ञान तक समान पहुंच प्रदान कर सकता है।

महिला नेतृत्व के फलने-फूलने के लिए स्थितियां बनाने के लिए, समाज के सभी स्तरों पर महिलाओं को सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी), शारीरिक स्वायत्तता और सुरक्षा, घर के भीतर साझा जिम्मेदारी और निर्णय में समान भागीदारी का समावेश होना चाहिए। रोजगार क्षमता बढ़ाने, नेतृत्व के लिए खेल, डिजिटल नवाचार और सीखने के लिए एक बहु-आयामी दृष्टिकोण और शारीरिक स्वायत्तता किशोर लड़कियों और युवा महिलाओं के बीच नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने की कुंजी है।

## सेहत | सिर घूमने पर आजमाएं ये 5 घरेलू नुस्खे, तुरंत मिलेगी समस्या से राहत

चक्कर आना एक सामान्य समस्या है और शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा जिसने कभी इसका अनुभव न किया हो। चक्कर आने की स्थिति में सुधार करने के लिए गहरी सांस लेना सबसे अच्छा उपाय है। यह मस्तिष्क के सभी हिस्सों को पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाता है। इससे तंत्रिका तंत्र को आराम मिलता है और चक्कर आना कम हो सकता है। इसके अलावा आप इससे राहत के लिए यहां बताए जा रहे कुछ घरेलू नुस्खे भी आजमा सकते हैं।

**खुद को रखें हाइड्रेटेड** -कई बार लो ब्लड प्रेशर या फिर डिहाइड्रेशन की समस्या के कारण भी चक्कर का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में इससे बचाव के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी और ताजे फलों के जूस का सेवन करें। इसी के साथ स्पोर्ट्स ड्रिंक्स का भी सेवन किया जा सकता है। हालांकि, अगर आप स्वास्थ्य संबंधित किसी तरह की परेशानी से जूझ रहे हैं तो स्पोर्ट्स ड्रिंक्स के सेवन से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**आंवला और धनिये के बीज का इस्तेमाल**-आंवला और धनिये के बीज में पर्याप्त मांत्रा में विटामिन- ए होता है, जो सिर घूमने या चक्कर आने के प्रभाव को कम कर सकता है। यदि आप अक्सर चक्कर आने की समस्या से जूझते हैं तो इस मिश्रण को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें। लाभ के लिए आंवले और 2 बड़ी चम्मच धनिये के बीज को पानी में मिलाकर रातभर के लिए छोड़ दें और फिर अगली सुबह इसका सेवन करें।

**तुलसी और साइप्रस का तेल आएगा काम** -तुलसी और साइप्रस के तेल का मिश्रण चक्कर आने के प्रभाव को कम करने में काफी मदद कर सकता है। इसके लिए एक डिफ्यूजर में तुलसी के तेल की 2 से 3 बूंद और साइप्रस के तेल की दो बूंद डाल लें। इसके बाद डिफ्यूजर को चालू करके अपने कमरे में रख दें। जैसे-जैसे तेल की महक आपके संपर्क में आएगी, वैसे ही आपको चक्कर और सिरदर्द से छुटकारा मिलना शुरू हो जाएगा।

**सेब का सिरका भी है कारगर**-रक्त शर्करा में गिरावट आने के कारण भी चक्कर आ सकता है। खाद्य पदार्थ शर्करा के स्तर को बनाए रखने में अधिक समय लेते हैं, लेकिन सेब के सिरके को एक गिलास पानी में मिलाकर पीने से कम समय में शर्करा के स्तर को स्थिर किया जा सकता है। अगर पानी गुनगुना हो तो यह प्रभावी ढंग से आपकी समस्या को दूर कर सकता है।

# पत्रकार सुरक्षा कानून पर पत्रकारों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

## नियमावली को बहुत जल्द किया जाएगा सार्वजनिक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 25 मार्च।** छत्तीसगढ़ के प्रदेश स्तरीय व राष्ट्रीय स्तरीय पत्रकारों की टीम पत्रकार सुरक्षा कानून पर चर्चा करने पहुँची थी। जिसमें एक दल दक्षिण बस्तर पत्रकार संघ के अध्यक्ष बप्पी राय के नेतृत्व मे 20 सदस्य टीम 23 मार्च को विधानसभा पहुंची जिस में पत्रकार सुरक्षा कानून से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बस्तर से पत्रकारों की टीम को को विशेष महत्व देते हुए मुख्यमंत्री ने बस्तर के टीम से हुए रुबरु की जिस दौरान बप्पी राय ने प्रदेश के मुख्या भूपेश बघेल को बधाई देते कहा कि बस्तर के पत्रकार चुनौतीपूर्ण स्थिति में पत्रकारिता में करते हैं, वही जंगलो में कहाँ बम बारूद , स्पाई ओल है जिसकी फिक्र किए बिना लोगों की आवाज बेबाकी से प्रशासन तक लाते हैं । इसलिए पत्रकार सुरक्षा कानून के नियमावली में क्षेत्रीय पत्रकार संगठनों के अधिकार और भूमिका सुनिश्चित अन्य महत्वपूर्ण हो हो होनी चाहिए । वही दन्तेवाडा के अब्दुल हामिद सिद्दीकी ने इसके अलावा पत्रकारों के परिजन को भी टारगेट किए जाने के मामले को उठाया, दुसरा आर्थिक स्थिति पर ध्यान आकर्षित किया जिस पर भूपेश बघेल ने कहा कि यह कानून पत्रकारों को सूरक्षा प्रदान करता है, ड्राफ्ट पास होने बाद से ही, वही इसकी समिति में आई पी एस स्तर अधिकारी के साथ सचिव स्तर, वहा पत्रकार भी शामिल होगें, समिति के निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर अपील भी कर सकते हैं इसका भी प्रावधान । परिवार के आर्थिक वाली बात पर 50 करोड़ की आवास लोन पर अनुदान की योजना के बारे बताया। इस दौरान दक्षिण बस्तर पत्रकार संघ अध्यक्ष के साथ अनिल मिश्रा,सतेन्द्र पंत,याकूब खान,दिनेश गुप्ता, मृण्मय बारोई, आशीष पदमवार, धर्मेन्द्र सिंह, , हरीश शर्मा,रामचन्द्रम एरोला, योगेन्द्र भादौरिया, अब्दुल हामिद सिद्दीकी, विक्की ठाकुर, दिनेश बघेल, मनीष सिंह, व बस्तर संभाग के कई पत्रकार साथी मौजूद रहे।



### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दी प्रदेश के किसानों को बड़ी सौगात

बीजापुर के विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं किसान पुत्र भूपेश बघेल जी का बीजापुर ज़िले के किसानों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए आने वाले ख़रीफ़ वर्ष में 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान ख़रीदी की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा को ÷ऐतिहासिक घोषणा÷ कहा है जो कि किसानों के लिए एक बड़ी सौग़ात है इस घोषणा से बीजापुर ज़िले के किसानों में ख़ुशी की लहर है। उन्होंने अपने विज्ञप्ति में कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की ख़रीदी से किसान आर्थिक रूप से और अधिक संपन्न होंगे और किसानों को आर्थिक मज़बूती मिलेगी। कांग्रेस पार्टी हमेशा से किसानों, अनुसूचित जातियों, जनजातियों, पिछड़े वर्गों, छोटे व्यापारियों, ग़रीबों, युवाओं, महिलाओं सहित सभी वर्गों के विकास के लिये काम कर रही है।



विक्रम मंडावी ने अपने विज्ञप्ति में आगे कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के आने वाले ख़रीफ़ वर्ष के लिए समर्थन मूल्य पर 2800 रुपये प्रति क्विंटल धान ख़रीदी की घोषणा से यह साबित होता है कि कांग्रेस पार्टी ही किसानों की सच्ची हितैषी है। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी है जिन्होंने पिछले पंद्रह वर्षों तक धान के समर्थन मूल्य और बोनस के नाम पर प्रदेश के किसानों को केवल ठगा है।

## एक नजर

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुटरू ने गुणवत्ता जांच में राष्ट्रीय स्तर पर हासिल किया द्वितीय स्थान

**बीजापुर 25 मार्च।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। जिसका सकारात्मक परिणाम निकलकर सामने आ रहा है। मरीजों के उपचार देखभाल सहित विभिन्न रोगों के प्रति जागरूकता का कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा बखूबी निभाया जा रहा है। इसी क्रम में भैरमगढ़ ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुटरू ने अपना परचम लहराते हुऐ राष्ट्रीय गुणवत्ता जांच सर्टिफिकेट हृन्न्र में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ज्ञात हो कि यह सर्टिफिकेट राष्ट्रीय टीम द्वारा 20 एवं 21 जनवरी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुटरू में प्रसव कक्ष आईपीडी, ओपीडी सहित समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं प्रयोगशाला के भ्रमण व निरीक्षण के पश्चात गुणवत्ता जांच के पश्चात हृन्न्र राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुटरू को द्वितीय स्थान मिलने पर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने पूरी टीम को बधाई दी। वहीं सीएमओ डॉ. अजय रामटेके ने भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुटरू के सभी टीम को बधाई दी।

### टीबी मुक्त बीजापुर के लिए जनजागरूकता रैली निकली

**बीजापुर 25 मार्च।** जिला बीजापुर आज विश्व क्षय दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री राजेंद्र कुमार कटारा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा टीबी मुक्त बीजापुर के संकल्प को पूरा करने के लिए समस्त ब्लॉक मितानिनओं के द्वारा शहर में टीबी मुक्त रैली का आयोजन किया गया था ढ्ढ जिसकी शुरुआत मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके एवं डीटीओ डॉ राजेंद्र राय के द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई ढ्ढ इस रैली का मुख्य उद्देश्य जन समुदाय में टीबी संक्रमण को समाप्त करना एवं लोगों में जागरूकता का सकारात्मक संदेश देना है। साथ ही समस्त मितानिन दीदियों के साथ टीबी के प्रति जानकारी हेतु एक बैठक भी रखी गई । इस कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम समन्वयक श्री मनीष साहू], पिरामल स्वास्थ्य से भरत साहू जिला कार्यक्रम समन्वयक, श्री सिकंदर माली, जुबेर आलम, एकम फाउंडेशन से कु0 लेखिका साहू, दी यूनियन से अमित कुंडू, नरसिंह रत्नाकर, रमाकांत पुनेठा, मनकुराम कोवासी सहित समस्त हृञ्जश्वक्क स्टाफ उपस्थित रहे।

### जिले में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय क्षय दिवस

**दंतेवाड़ा, 25 मार्च।** राज्य से प्राप्त निर्देशानुसार जिले में आज राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय क्षय दिवस का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर पर विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला स्तर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर बीआर पुजारी के द्वारा टीबी के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला चिकित्सालय में सभाकक्ष में विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। जिसमें 2025 तक जिले को क्षय मुक्त बनाने के लिए शपथ दिलाई गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आम नागरिकों से अपील की गई कि अपने परिवार एवं आसपास रहने वाले ऐसे व्यक्ति जिनमें टीबी के लक्षण दिखाई देते हैं उन्हें अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क बलगम की जांच अवश्य कराएं। साथ ही टीबी का इलाज 6 महीने तक डॉट्स पद्धति से निःशुल्क किया जाता है इस दौरान पूरे 6 महीने तक दवाई का सेवन अनिवार्य रूप से करें। कार्यक्रम में जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आर एच ओ एवं मितानिन एवं सी एच ओ को पुरस्कृत किया गया। निक्षय मित्र के अंतर्गत रजिस्टर्ड राइज अगेंस्ट हंगर इंडिया के द्वारा जिला दंतेवाड़ा में उपचारित टीबी मरीजों को पोषण आहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉक्टर आर एल गंगेश, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस मंडल, जिला क्षय अधिकारी डॉक्टर देश दीपक, मीडिया अधिकारी श्री अंकित सिंह, जिला कार्यक्रम समन्वयक टीबी कार्यक्रम, पी रवि कुमार, पीपीएम समन्वयक मेघ प्रकाश शेरपा एवं अन्य मौजूद रहे।

### किसानों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जताया आभार

**उत्तर बस्तर कांकेर 25 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा किसानों के हित में लिए गये फैसले जिसके अनुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में 15 क्विंटल प्रति एकड़ से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ के आधार पर धान की खरीदी करने की घोषणा का कांकेर जिले के किसानों ने स्वागत किया है। चारामा विकासखण्ड के ग्राम भिरौद के कृषक एवं ग्राम पटेल नंदकुमार नागराज ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा किसानों ने हित मे काम किया है, सरकार बनते ही किसानों का कर्ज माफ किया, दो रूपये प्रति किलों की दर से गौठानों में गोबर की खरीदी शुरू की, बिजली बिल हॉफ किया तथा ग्राम पटेलों का मानदेय भी बढ़ाया है, अब समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में प्रति एकड़ 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से खरीदी करने की घोषणा की गई है, जो स्वागतेय है। मैं चारामा विकासखण्ड के ग्राम पटेल संघ का उपाध्यक्ष भी हूँ, मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने ग्राम पटेलों का भी मानदेय बढ़ाया है।

## 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा से बीजापुर के किसानों में उत्साह का माहौल

**बीजापुर 25 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा 15 से बढ़ाकर प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा से जिले के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। बीजापुर जैसे सुदूर क्षेत्रों में किसान कड़ी मेहनत कर कृषि का कार्य करते है। लगातार राज्य शासन द्वारा किसान हित के निर्णय से किसान खुशहाल नजर आ रहे है। कृषि को बढ़ावा देने के शासन की योजनाओं से किसानो ने भरपूर लाभ उठाया और अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया। ऐसे में एक बहुत बड़ी घोषणा मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा की गई जिससे कि अब 15 के बजाय 20 क्विंटल धान की खरीदी छतीसगढ़ सरकार करेगी। यह सुनकर किसानो ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करना शुरू कर दिया है। ऐसे ही उसूर ब्लाक के किसान राधास्वामी कोड़ियाम ने बताया अपने खाता पर पूरा धान बेचने के बाद भी धान बच जाता था 15 क्विंटल की सीमा निर्धारित थी जबकि उनके खेत मे अधिक धान का उत्पादन होता है। अब मुख्यमंत्री जी द्वारा 20 क्विंटल धान खरीदने पर सभी धान आसानी से बेच सकूंगा। किसान राधस्वामी के पास उनकी पत्नी और बेटे सहित लगभग 25 एकड़ कृषि भूमी है। तालाब से पर्याप्त सिंचाई कर हर साल अच्छी उत्पान हो रहा है। इसी तरह तुमनार निवासी किसान राजू तेलम ने बताया कि मुख्यमंत्री ने हम किसानों के बारे में सोचा और लगातार हमारे हित मे फैसला ले रहे है। जिसका हम सदैव आभारी रहेंगे जिले के अलग-अलग जगहों से किसानो ने अपनी-अपनी खुशी जाहिर कि जिसमें भोपालपटनम ब्लाक के संगमपल्ली के किसान वासम चंन्द्रैया, नैमेड़ के हीरालाल, मांझीपारा बीजापुर के किसान सोनसाय सहित धनोरा के किसान सुमन खेस ने भी मुख्यमंत्री जी के ऐतिहासिक निर्णय के लिए उन्हे साधुवाद दिया।



## कलेक्टर ने ली आश्रम-छात्रावासों के अधीक्षकों की समीक्षा बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 25 मार्च।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आश्रम-छात्रावासों के अधीक्षकों का समीक्षा बैठक लेकर संस्था का संचालन सुव्यवस्थित रूप से करने छात्राओं के रहने, भोजन, खान-पान, शिक्षा सहित बुनियादि सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। स्थानीय निगरानी समिति की बैठक में पालकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, प्रत्येक सप्ताह नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराने छात्रावासों और आश्रमों का बेहतर संचालन के लिए अधीक्षकों से सुझाव भी पूछे सभी प्रकार के प्रवेश एवं चयन परीक्षाओं की तैयारी कराने पुराने वर्षों के प्रश्न पत्रों का भी हल कराने सहित समुचित मार्गदर्शन देवे ताकि बच्चे ज्यादा से ज्यादा सफलता हासिल कर बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सके। पूर्व में चयनित एवं सफल बच्चे जो नवोदय में पढ़ चुके है उनसे उनका अनुभव साझा करते हुऐ बच्चों को प्रोत्साहन भी कराने के निर्देश दिए एवं हर तीन महीने में पालकों का सम्मेलन करने सहित बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अन्य गतिविधियों का भी आयोजन करें ताकि बच्चे अपने मनपसंद विधा में आगे बढ़ सके। बैठक में डीईओ श्री बलिराम बघेल सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री के एस मशराम सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं अधीक्षकगण उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने भोपालपटनम ब्लाक के अंतिम छोर तारलागुडा सहित विभिन्न क्षेत्रों का किया सघन भ्रमण

**बीजापुर 25 मार्च।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने भोपालपटनम ब्लाक के तारलागुडा, कोत्तूर सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। जिसमें तारलागुडा स्थित पोटाकेबिन के नया आयरन रिमूवलप्लांट का अवलोकन किया। पूर्व में बच्चों को आयरनयुक्त पानी मिलने की जानकारी हुई जिस पर त्वरित निर्देश देते हुए सोलर रिमूवल प्लांट लगाया गया है। जिसमें अब आयरन युक्त पानी से निजात मिली यह प्लांट बिना विद्युत के भी कार्य करता है। इस पोटाकेबिन में 400 बच्चे अध्ययनरत है कलेक्टर श्री कटारा ने निरीक्षण के दौरान बताया कि स्कूल भवनों में लगातार सुधार आया है। स्ट्रीट लाईट लगी है जल जीवन मिशन के अंतर्गत लोगों को शुद्ध पेयजल मिल रहा है। कलेक्टर ने तारलागुड़ा स्थित डेम से प्रभावित क्षेत्रों का अवलोकन किया इसके अलावा महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क के निर्माण कार्यो का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र तारलागुड़ा में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए एवं दवाईयों की उपलब्धता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, डॉक्टरों की उपस्थिति सहित विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया अस्पताल में डेंगू की एक मरीज भर्ती होने की जानकारी मिलने पर डेंगू का संक्रमण न फैले इसे गंभीरतापूर्वक ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू, एसडीएम भोपालपटनम श्री नारायण गवेल, सीईओ जनपद पंचायत श्री एसवी गौतम सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## मावा पुलिस केतुल अभियान के तहत् पोटाकेबिन तोयनार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 25 मार्च।** मावा पुलिस केतुल अभियान के तहत् थाना तोयनार क्षेत्रान्तर्गत आज दिनांक 24-03-2023 को जागरूकता कार्यक्रम के तहत् तोयनार पोटाकेबिन के छात्र-छात्राओं हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के तहत् सायबर क्राइम, एटीएम फ्राड, गुड टच-बेड टच , मानव तस्करी, एवं यातायात नियमों की जानकारी, सड़क दुर्घटना एवं उनसे बचाव के संबंध में बच्चों को जानकारी दी गई ।

प्रभारी विशेष किशोर पुलिस इकाई निरीक्षक श्री प्रशांत गढ़पाले द्वारा कार्यक्रम के दौरान बच्चों को सायबर क्राईम, मानव तस्करी , महिला सेल से स0उ0नि0 श्रीमति पूनम शर्मा के द्वारा महिला अभिव्यक्ति , गुडटच-बेडटच, सखी वन स्टॉप से श्रीमति शीला भारद्वाज द्वारा महिला उत्पीड़न के संबंध में एवं यातायात कर्मचारी आर0 अवध सिन्हा के द्वारा यातायात नियम , नियमों का पालन न करने पर होने वाले सड़क दुर्घटना आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक बताया गया । दुर्घटना के दौरान कैसे प्रथमिक उपचार दिया जाये एवं दुर्घटना के दौरान पीड़ित को त्वरित सहायता पहुचाने के लिये बच्चों को प्रेरित किया गया । कार्यक्रम के तहत उपरोक्त विषयों पर क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता के दौरान विजेता तथा उपविजेता को खेल सामग्री देकर पुरूस्कृत किया गया । सम्पूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी विशेष किशोर पुलिस इकाई निरीक्षक श्री प्रशांत गढ़पाले, महिला सेल से सउनि0 श्रीमति पूनम शर्मा, प्रआर0 मनोज किस्पोट्टा, चूनम शर्मा, यातायात विभाग से प्रआर0 दिनेश खाण्डे, आर0 अवध सिन्हा एवं सखी वन स्टॉप से श्रीमति शीला भारद्वाज एवं अधिनस्थ कर्मचारी के द्वारा सराहनीय कार्य किया गया ।




### एससी छात्र-छात्राओं को मिलने वाले स्टेशनरी के पैसे में प्राचार्य पर भ्रष्टाचार का आरोप

## एनएसयूआई ने कृषि महाविद्यालय के सामने 3 घंटे दिया धरना-प्रदर्शन

**नारायणपुर 25 मार्च।** आज एनएसयूआई ने रावे की पैसा एवं एसटी /एससी छात्र छात्राओं को मिलने वाली स्टेशनरी की पैसे में प्राचार्य पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा कर कृषि कॉलेज के सामने अपनी माँगो को लेकर कृषि महाविघलय के छात्रों के साथ 3 घंटो तक। डटे रहे ! कृषि महाविघलय के छात्र छात्राओं ने बताया की रावे की जो पैसा छात्र छात्राओं को मिलती है उस पैसे को प्राचार्य के द्वारा कटौती किया गया है पर दूसरे कृषि महाविघलय में रावे की पैसा छात्र छात्राओं को पूर्ण रूप से दिया गया है एवं एस?टी?एससी की छात्राओं ने बताया की उनको सरकार के योजना अनुसार 750 रुपय की स्टेशनरी समान दिया जाता है जो इस महाविघलय में 4 वर्षो से छात्र छात्राओं को नही दिया गया जिसके चलते एनएसयूआई के अध्यक्ष विजय सलाम के साथ मिलकर अपनी माँगो को प्राचार्य तक पहुचाने आज 3 घंटो तक धरना में बैठे थे !



विजय सलाम ने बताया की लगातार कृषि महाविघलय के छात्र छात्राओं द्वारा सूचना प्राप्त हो रहा थी कि प्राचार्य द्वारा छात्रों की रावे की पैसा हो या एसटी एससी बच्चों की स्टेशनरी समान का पैसा इसमें भ्रष्टाचार प्राचार्य के द्वारा किया जा रहा है जिसके बाद आज एनएसयूआई के सदस्यों ने धरना प्रदर्शन किया है एवं जब तक छात्र छात्राओं की हक़ का पैसा उन्हें वापस नही दिया जाता एनएसयूआई के सदस्य अपनी माँगो को प्राचार्य एवं कृषि महाविघलय के कुलपति तल रखते रहेंगे !

एनएसयूआई प्रदेश ाsचिव - जय वट्टी ने बताया की एनएसयूआई एक छात्र संगठन है जो हमेशा छात्र छात्राओं की हित की लड़ाई लड़ते रहती है ऑर इसी बीच आज हम भ्रष्टाचार से लिप्त हुई प्राचार्य को बताना चाहते है की छात्र अपनी माँगो को जब तक माँग पूर्ण नही होता माँग करते रहेंगे ! इस अवसर पर एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष सूक्कु सलाम , विश्वजीत पात्र, जिला महासचिव खिलेंद्र शोरी , लक्की साहू ,प्रमेश समरथ,विसाल भद्र , राहुल नाग ,कुणाल उईके एवं कृषि महाविघलय के छात्र छात्रायें उपस्थित थे !

## समाचार संक्षेप

### एमएमडब्ल्यू इंटक यूनियन किरंदुल ने किया महिला सशक्तिकरण दिवस का आयोजन



**बचेली 25 मार्च।** दंतेवाड़ा जिले के बैलाडीला में मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक शाखा किरंदुल के तत्वावधान में किरंदुल की समस्त मातृशक्तियों के सशक्तिकरण एवं उत्साहवर्धन हेतु फुटबाल ग्राउंड किरन्दुल में यूनियन एवं नगरपरिवार की मातृशक्तियों की उपस्थिति में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन करते हुए सामूहिक सुआ नृत्य का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें नगर परिवार की 160 महिलाओं ने सुशीला भास्कर के उत्कृष्ट निर्देशन में बेहद आकर्षक छतीसगढ़ी लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि की आसंदी से प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्ष बबिता विनय कुमार द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त मातृशक्तियों का उत्साहवर्धन किया गया तथा 160 महिलाओं द्वारा सामूहिक सुआ नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। समस्त प्रतिभागियों को मेटल माइन्स वर्कर्स यूनियन इंटक शाखा किरंदुल के अध्यक्ष विनोद कश्यप, सचिव ए. के. सिंह द्वारा हस्ताक्षरित रु 31,101/- का चेक मुख्य अतिथि के करकमलों से प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में जी मरियम्मा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। समस्त समाज के प्रतिनिधियों द्वारा मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) द्वारा नारी सशक्तिकरण हेतु इस अभिनव पहल की सराहना की गई। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में यूनियन के समस्त मातृशक्तियों, सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

### दिल्ली से फरसगांव बाइक में पहुंची सीआरपीएफ की 75 महिला कमांडो का भव्य स्वागत



**फरसगांव 25 मार्च।** दिल्ली के इंडिया गेट से 38 बाइक में सवार होकर निकले 75 सीआरपीएफ के महिला कमांडो ने 1700 कि.मी से अधिक की दूरी तय कर फरसगांव पहुंचने पर उम्मीद सामाजिक संस्था एवं नगरवासी, प्रशासन के आला अधिकारी के द्वारा मांदरी नृत्य के साथ पुष्प की वर्षा कर हांथो में तिरंगा लिए भव्य रूप से स्वागत किया गया । यह सभी सीआरपीएफ के महिला कमांडो 25 मार्च को करणपुर में आयोजित सीआरपीएफ स्थापना दिवस में शामिल होंगे, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप में गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल होंगे।यह सभी महिला कमांडो 9 मार्च को सुनीता नाग सीआरपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट के नेतृत्व में दिल्ली के इंडिया गेट से बाइक में निकले हैं । जो 23 मार्च गुरुवार को बस्तर के प्रवेश करने पर फरसगांव में उनका भव्य स्वागत किया गया । इस दौरान एसडीएम सीमा ठाकुर, पुलिस एसडीओपी अनिल कुमार विश्वकर्मा, तहसीलदार यूके मानकर थाना प्रभारी भापेंद्र साहू, उम्मीद सामाजिक संस्था के सभी सदस्य एवं कई विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में नगरवासी व क्षेत्र वासी मौजूद रहे ।

### किसान हितैषी सरकार के निर्णय की दन्तेवाड़ा में सराहना

**दंतेवाड़ा, 25 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा समय-समय पर किसानों के हित में जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करती आई है जिससे किसानों को लाभ भी मिल रहा है अब दोबारा किसानों के लिए एक बड़ा फैसला लेते हुए धान खरीदी पर किसानों से अब समर्थन मूल्य पर अब प्रति एकड़ 15 क्विंटल की जगह 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा की गयी है। इससे जिले के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। जिले के ग्राम पंचायत गीदम के झोड़ियाबाड़म निवासी श्री महेश सेठिया ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि छ.ग धान का कटोरा कहा जाता है किसानों के हित में ऐसे ही फैसले लेकर सरकार ने किसानों का मान सम्मान बढ़ाया है। पहले मैं अपने 3 एकड़ खेत में 45 क्विंटल ही धान बेच पाते थे बाकी बचे धान को सस्ते दामों पर अन्य व्यापारियों को बेच दिया करता था अभी शासन 20 क्विंटल धान की खरीदी करेगी और मैं अब 60 क्विंटल धान बेचेंगे। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करता हूं।

## एक नजर

### जिले में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 1 अप्रैल से

**महासमुंद, 25 मार्च।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोषणा के अनुरूप प्रदेश में 1 अप्रैल 2023 से छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण किया जाएगा। सर्वेक्षण का उद्देश्य विगत वर्षों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का जन सामान्य के जीवन स्तर पर पड़े प्रभाव का आंकलन कर प्राप्त डाटा का भविष्य में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा नई योजनाओं के निर्माण के लिए उपयोग किया जाना है। इस कार्य के लिए कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया है। इनमें महासमुंद विकासखण्ड के लिए शासकीय आशी बाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के व्याख्याता तोषण गिरी गोस्वामी एवं जनपद पंचायत महासमुंद के विकास विस्तार अधिकारी रोहिदास पारेसर, बागबाहरा विकासखण्ड के लिए साक्षरता जिला परियोजना अधिकारी रेखराज शर्मा एवं कृषि विकास विस्तार अधिकारी राजेश कौशिक को मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार पिथौरा विकासखण्ड के लिए साक्षरता मिशन के परियोजना अधिकारी एफए नंद एवं विकास विस्तार अधिकारी ममता देवांगन, बसना विकासखण्ड के लिए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसना के व्याख्याता एचके बेहरा एवं विकास विस्तार अधिकारी सुरेश पटेल, सरायपाली विकासखण्ड के अधिकारी भान सिदार को मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया गया है।

### कार्रवाई ना होने से प्रधानपाठक आक्रोशित

# प्रधानपाठकों पर दबाव बनाकर झूठ को सच बनाने की कोशिश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 25 मार्च।** बीआरसीसी अधिकारी द्वारा प्रधानपाठको पर दबाव बनाकर झूठ को सच बनाने की कोशिश की जा रही है,प्रधानपाठक दोहरे दबाव मे आकर बेहद आक्रोशित हो रखे है। उनका कहना है कि सत्यता जानने के बाद भी शिक्षा विभाग से जुडे जिले के उच्च अधिकारीयों द्वारा कार्यवाही ना कर प्रधानपाठको को खुलकर खिलवाड किया जा रहा है। मामला बी.आर.सी.सी अधिकारी द्वारा प्रधानपाठको पर दबाव बनाकर ब्लाक के 103 स्कूलो मे बालवाडी बनाने का है,जिसमे बी.आर.सी.सी अधिकारी द्वारा खुद के द्वारा निर्धारित पेंटर से घटिया निर्माण कार्य कराकर मोटे कमीशन के लेन देन की बातें प्रधानपाठको द्वारा खुलकर कही गयी है। बी.आर.सी.सी कार्यालय की हकिकत एक निर्धारित पेंटर ने भी सामने लाकर रख दी है,विजय साहू नामक पेंटर ने यहा के थाना मे बी.आर.सी.सी कार्यालय मे पदस्थ एक बाबू के खिलाफ लिखित शिकायत भी प्रस्तुत की है। पेंटर विजय साहू ने बताया कि बालवाडी बनाने के काम मे बी.आर.सी.सी अधिकारी द्वारा 17500 रूपये की रकम में से दस हजार पांच सौ रूपये का काम कराकर सात हजार रूपये बतौर कमीशन पेंटरो से वापस लिये जा रहे है। पेंटर ने बताया कि स्कूलो मे बगैर जी.एस.टी का बिल देकर प्रधानपाठको पर दबाव बनाया जा रहा है,जिससे प्रधानपाठको द्वारा पेंटर के खाते मे 17 हजार 500 रूपये ट्रांसफर कर दिये जा रहे है। स्वयं पेंटर का कहना था कि शासन से आये रूपयो के मुताबिक स्कूलो मे काम नही हो रहा,परंतु अधिकारी के दबाव मे प्रधानपाठक बालवाडी के लिए आये रूपयो को पेंटरो के खाते मे ट्रांसफर कर दे रहे है।।



**दबी जुबान कर रहे विरोध-:** प्रधानपाठक बी.आर.सी.सी के द्वारा कराये जा रहे कार्य का दबी जुबान विरोध कर रहे है,प्रधानपाठको का आरोप है कि बी.आर.सी.सी के अधिकारी प्रधानपाठको के खाते मे रूपये आते ही ठेकेदार बनकर उनके कार्यो को स्वयं कराने लग जाते है,जिसके कारण स्कूलो मे होने वाले कार्य बेहद घटिया स्तर के हो रहे है। इधर बी.आर.सी.सी के अधिकारी अपना दामन पाक साफ रखने के लिए प्रधानपाठको पर अपने पद का दुरूपयोग करते हुये स्कूलो मे होने वाले बालवाडी के कार्य को प्रधानपाठको द्वारा ही कराये जाने का शपथ पत् 'तैयार कराया जा रहा है,जिससे उनके दामन पर आरोप के दाग ना लग सके।

## समाचार संक्षेप

### कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री और भाजपा का पुतला फूंका



**गरियाबंद, 25 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गरियाबंद में जिला कांग्रेस तथा युवा कांग्रेस ने शहर के प्रमुख तिरंगा चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया और भाजपा के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। कांग्रेसी राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म किए जाने पर नाराज हैं कांग्रेसियों ने यह आरोप लगाया है कि राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता तथा कांग्रेस की पिछली पदयात्रा को मिले अपार जनसमर्थन से भाजपा और प्रधानमंत्री बौखलाए हुए हैं और कांग्रेस को दबाने के लिए इस तरह का कार्य किया जा रहा है जिला कांग्रेस अध्यक्ष भाव सिंह साहू ने कहां की प्रधानमंत्री की छोटी सोच का पता इससे चलता है, कांग्रेस ऐसी परिस्थितियों से कमजोर नहीं होगी बल्कि और अधिक उभरकर सामने आएगी।

### पुलिस-नक्सली मुठभेड़

**सुकमा, 23मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** को सुकमा पुलिस को आसूचना प्राप्त हुई कि नक्सलियों की कोंटा एरिया कमेटी की टीम एर्राबोर थाना अंतर्गत ग्राम कोत्तालेण्ड्रा जंगल के पास उपस्थित है जो नेशनल हाईवे 30 पर कोई बड़ी घटना को अंजाम देने के लिये आने वाली है।उक्त आसूचना की प्राप्ति पर पुलिस अधीक्षक सुकमा के निर्देशन पर थाना प्रभारी एर्राबोर निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह एवं थाना प्रभारी कोंटा निरीक्षक शिवानंद सिंह के नेतृत्व में दोनो थानो एवं डीआरजी के बल को नक्सलियों के द्वारा घटना को अंजाम देने से रोकने के लिये नक्सल अभियान पर कोत्तालेण्ड्रा के जंगलों में सर्चिंग के लिये रवाना किया गया था। अभियान के दौरान लगभग 11:30 बजे कोत्तालेण्ड्रा के जंगल में नक्सलियों की कोंटा एरिया कमेटी की टीम के साथ उपरोक्त सुरक्षा बलों की मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा की गई बहादूरीपूर्ण जवाबी कार्यवाही से नक्सलियों के हौसले पस्त हो गई व जंगल-झाड़ी का आड़ लेकर भाग गये।घटना स्थल पर सुरक्षा बलों को 04 नक्सलियों को पकड़ने में कामयाबी हासिल हुई है। इसके अलावा 04-05 नक्सलियों के घायल होने की संभावना है जिन्हे उनके साथी अपने साथ लेकर भाग गये।

### शराब पीने से आदमी कभी बूढ़ा नहीं होता: व्यंग्यकार कुंदन



**राजिम,25 मार्च ।** विश्व कविता दिवस के अवसर पर शहर के साहू छात्रावास राजिम भक्तिन माता कार्यालय में प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति जिला गरियाबंद तहसील इकाई राजिम के तत्वाधान में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें अंचल के कवियों ने कविता पाठकर शानदार माहौल बना दिया। हास्य व्यंग्य के खूब तीर चले तो छत्तीसगढ़ी गीतों ने माहौल में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध व्यंग्यकार काशीपुरी कुंदन थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद कविताएं उभरकर बाहर आई है राजिम क्षेत्र के कवियों ने लगातार इतिहास बनाया है इसमें कोई दो मत नहीं है हालांकि यहां अलग-अलग समितियां है लेकिन ऐसे कार्यक्रमों में एक साथ बैठकर उसे सफल बनाने में सहयोग करें तो कार्यक्रम की रौनकता ही बढ़ जाती है। इस मौके पर उन्होंने व्यंग्य के टुकड़िया प्रस्तुत की और खूब गुदगुदाया। पंक्ति देखिए-शराब पीने से आदमी कभी बूढ़ा नहीं होता है, यह अलग बात है कि वह जवानी में ही चला जाता है। नई कविता के कवि नूतन साहू ने कहा कि तकदीर भी बदलेगा तस्वीर भी बदलेगा। वरिष्ठ साहित्यकारों का अनुसरण करो दोनों हाथों की लकीर भी बदलेगा। उनकी दूसरी पंक्ति देखिए-दुनिया हंसती है तो हंसती कविता। दुनिया रोती है तो रोती कविता। डॉ रमेश सोनसाइटी ने व्यंग्य रचना प्रस्तुत की। देखिएगा-हर रोज सवेरा होता है हर शाम अंधेरा होता है पर कुटिया में जाकर देखो मातम का बसेरा होता है। विश्व कविता दिवस पर शानदार कविता पढ़ते हुए गणेश गुप्ता ने कहा कि दुनिया हंसती है तो हंसती कविता। दुनिया रोती है तो रोती कविता। तन मन में आग लगी तो क्रोधित होती कविता। रामायण व्याख्या कार और कवि प्रहलाद गंधर्व ने जीवन की मार्मिक बात बताते हुए कविताएं पढ़ी। लोहरसी से पहुंचे गीतकार कमलेश कौशिक कठलहा छत्तीसगढ़ी में गीत पढ़ते हुए समा बांध दिया- डारी डारी मंमहाय पलासे। चौरा चौरा फागुन नाचे। गीतकार रमा भोसले ने होली पर गीत सुनाए। होली गीत में भोले साहू ने पूरा मंच लूट लिया।व्यंग्यकार संतोष सेन व्यंग्य रचना देकर हंसी के फुहारे प्रस्तुत की।

### कार्यशाला में शिक्षा विभाग की योजनाओं की दी गई जानकारी

**महासमुंद।** जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा एवम विकासखंड स्त्रोत केंद्र के तत्वावधान में सामुदायिक सहभागिता अंतर्गत पालक, शाला विकास समिति, स्मार्ट माताओं एवं शिक्षा से जुड़े समुदाय के विभिन्न घटकों के लिए सम्मेलन सह कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में हुआ। जिसमें विकासखंड महासमुंद के 38 संकुल क्षेत्रों से लगभग 500 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवम विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर, अध्यक्षता नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, विशिष्ठ अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष यतेंद्र साहू, उपाध्यक्ष त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव, जिला शिक्षा अधिकारी मीता मुखर्जी, सहायक संचालक हिमांशु भारतीय, जिला परियोजना समन्वयक कमल नारायण चंद्राकर एवं एपीसी पेडोगोजी विद्या साहू रहे।

# आत्मसमर्पित महिला-पुरुष नक्सलियों ने जताई विवाह की इच्छा





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता


**सुकमा, 25 मार्च।** जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे पुना नर्कोम अभियान ( नई सुबह नई शुरूवात) के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों का श्री सुनील शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुकमा, श्री किरण चव्हाण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुकमा नक्सल आप्स की पहल पर विवाह संपन्न करवाया गया हैं। उल्लेखनीय हैं कि जिला सुकमा में पुना नकॉम अभियान से प्रभावित होकर केरलापाल एरिया कमेटी में कार्यरत जितेन्द्र उर्फ सन्ना (प्लाटून नं. 30 सदस्य ईनामी दो लाख ) द्वारा दिनांक 06.05. 22 तथा करटामी देवे (महूपदर एलओएस सदस्य कांगेरघाटी एरिया कमेटी सदस्य ईनामी 01 लाख ) द्वारा दिनांक 09.07.21 को आत्मसमर्पण कर पुलिस के संरक्षण में रहकर नक्सल विरुद्ध अभियानों में सहयोग कर रहे थे।

दोनों के द्वारा पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा के कार्यालय में उपस्थित होकर आपस में विवाह करने की इच्छा व्यक्त करने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल संज्ञान में लेकर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री परमेश्वर तिलकवार को इस हेतु व्यवस्था करने निर्देशित किया गया जिस पर महिला एंव बाल विकास् विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर दोनो का शासन की महती योजना सामुहिक विवाह योजना अंतर्गत पंजीयन कराया गया था। दिनांक 21.03.2022 को स्व0 कवासी हडमा स्टेडियम सुकमा के प्रांगण में योजना के तहत कुल 19 दंपत्तियों के विवाह कार्यक्रम में दोनो आत्मसमर्पितों का विवाह संपन्न कराया गया। सामुहिक विवाह कार्यक्रम में स्वंय श्री सुनील शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुकमा, श्री किरणचव्हाण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उपस्थित होकर आत्मसमर्पित दोनों नक्सलियों सहित अन्य विवाहित जोड़ो को अपना आर्शिवाद दिया एवं सभी को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दिये। कार्यक्रम में श्री संजय सिंह, उप पुलिस अधीक्षक, नगर निरीक्षक श्री राकेश यादव सहित दोनो नवदंपति के परिवारजन व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहकर अपना आर्शिवाद दिये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुकमा द्वारा नक्सल संगठन से जुड़े अन्य नक्सलियोंको मुख्यधारा में लौटने की अपील करते हुये कहा सभी नक्सली नक्सल संगठन छोड़कर हिंसा का रास्ता त्यागकर सामान्य जीवन जीये पुर्नवास योजना के तहत सभी आत्मसमर्पितों का नियमानुसार व व्यक्तिगत विभाग की ओर से भी सहयोग किया जायेगा।

# सीएम ने किसानों के हित में की बड़ी घोषणा अब 20 क्विंटल तक खरीदे जाएंगे धान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 25 मार्च।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरूवार को विधानसभा में किसानों के हित में प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी करने की बड़ी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने गुरूवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में विनियोग विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए यह घोषणा की। इससे जिले के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। किसानों ने कहा कि इस ऐतिहासिक निर्णय से अतिरिक्त उत्पादन को बेचने के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। विदित है कि विधानसभा में चर्चा के बाद विनियोग विधेयक 2023 पारित कर दिया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़



हमारे किसान भाई हैं। सम्पूर्ण विश्व आज खाद्य संकट की अग्रसर हो रहा है। इसका मुख्य कारण है कृषि का अलाभप्रद होना। हमारी सरकार बनते ही हमने किसानों की ऋण माफी की, राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों को सशक्त बना रहे हैं। उन्हें इनपुट सब्सिडी का लाभ भी दे रहे हैं। समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ धान की खरीदी 15 क्विंटल से बढ़ाकर अब 20 क्विंटल करने जा रहे हैं।

### पीडीएस दुकान के संचालन के लिए 3 तक कर सकते हैं आवेदन

**महासमुंद।** अनुविभाग पिथौरा के अंतर्गत सहकारी समितियों द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों का समर्पण किया गया है। इन समर्पित ग्राम पंचायतों में शासन के निर्देशानुसार एवं कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा ) महासमुंद द्वारा शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का युक्तियुक्तकरण किया जाना है। इसके अनुसार नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान का नवीन आबंटन किया जाना है। इनमें 15 ग्राम पंचायत अमलीडीह, उतेकेल, देवलगढ़, बोइरडीह, बामडाडीह, सागुनढाप, ढाबाखार, जामजुड़ा, बरनईदादर, धनोरा, राजसवैयाखुर्द, खैरखुटा, नयापाराकला, दुरूगपाली एवं डूमरपाली में छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के तहत विकासखंड में स्थित वृहत्ताकार आदिम जाति बहुद्देशीय सहकारी समितियों, प्राथमिक कृषि साख समितियों, वन सुरक्षा समितियों, महिला स्वसहायता समूहों, ग्राम पंचायत, अन्य उपभोक्ता सहकारी समितियों से जो शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन के लिए इच्छुक है।

# नाबालिग बालक-बालिकाओं का विवाह महिला बाल विकास ने रुकवाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 25 मार्च।** फिंगेश्वर विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत-तर्रा में बाल विवाह होने की तैयारी चल रही थी। जिस पर 21 माचँ को जिला बाल संरक्षण इकाई (मवावि) एवं चाईल्ड लाईन की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल पर पहुंच कर दोनों बालक एवं बालिका की आयु संबंधी दस्तावेज दाखिल खारिज के आधार पर आयु सत्यापन किया गया। जिसमें बालक की आयु 15 वर्ष 10 माह एवं बालिका की आयु 14 वर्ष 05 माह होना पाया गया। दोनों का विवाह दिनांक 30 माचँ को तय किया गया था। दरसल दूरभाष के माध्यम से प्राप्त सूचना अनुसार अशोक पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन व जिला बाल संरक्षण अधिकारी- अनिल द्विवेदी के निगरानी में जिला बाल संरक्षण इकाई (मबावि) गरियाबंद से अजीत शुक्ला (ऑउटरीचवर्कर) एवं चाईल्ड लाईन 1098 से श्रीमती पोखन ध्रुव (टीम मेम्बर) एवं पाण्डुका पुलिस के द्वारा बाल विवाह स्थल पर पहुंचकर पूछताछ कर दाखिल खारिज के अनुसार दोनों बालक एवं बालिका के आयु का सत्यापन करते हुये विवाह को रोका गया।विवाह के लिये बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार बालिका की आयु 18 वर्ष एवं लड़के की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। निर्धारित आयु से कम आयु में महिला / पुरूष का विवाह करने या करवाने की स्थिति में सम्मिलित व सहयोगी सभी लोग अपराध की श्रेणी में आते हैं। जिन्हें 02 वर्ष तक का कठोर कारावास एवं 01 लाख रूपये का जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम द्वारा अग्रिम कार्यवाही करते हुए बालिका उसके माता पिता व परिवार वालों एवं ग्रामीण जनों को समझाईस दिये कि बालिका की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने पश्चात् ही विवाह करें। सभी लोग बाल विवाह रोकथाम टीम की समझाईस पर सहमति जताई। टीम द्वारा उपस्थित ग्रामीण जनों से आग्रह किया कि निर्धारित आयु सीमा के पश्चात् ही विवाह करें।

### कमार जनजाति के असहाय मासूमों को शासन की योजनाओं का मिलेगा जल्द लाभ

**गरियाबंद, 25 मार्च।** जिले के ग्राम-पंचायत खरखरा ब्लॉक मुख्यालय छुरा से लगे हुए गांव पंडरीपानी विशेष पिछड़ी जनजाति गरीब परिवार में दो बहने और एक भाई की परवरिश उनकी बूढ़ी दादी करती है किंतु उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था जिसकी जानकारी विभिन्न माध्यमों से कलेक्टर तक पहुंची थी जिस पर जिलाधीश के निर्देश के बाद तत्काल प्रशासन सक्रिय हुआ और मौके पर पहुंचकर उन्होंने देखा। दादी को स्कूल में जाकर खाना बनाना पड़ता है। आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर परिवार में रह रहे बच्चों को मिशन वात्सल्य योजना, महिला एवं बाल विकास अंतर्गत स्पांसरशीप (प्रवर्तकता कार्यक्रम) अंतर्गत लाभ दिलाने हेतु विभाग द्वारा तत्काल सामाजिक गृह जांच कराया गया व मापदंड संबंधी दस्तावेजों का परीक्षण किया गया जिसमें पाया गया बच्चों का बैंक खाता एवं संरक्षक का आय प्रमाणपत्र नहीं बना हुआ है।एवं नगर पंचायत छुरा के आवासपारा में वृध्द कुमार यादव अपने पोते और पोती के साथ कई वर्षों से निवास कर रहे हैं। उनकी बहू पुष्पा यादव दूसरे बच्चे को जन्म देते ही चल बसी। पिता लापता है।आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर परिवार में रह रहे बच्चे को मिशन वात्सल्य योजना, महिला एवं बाल विकास अंतर्गत स्पांसरशीप प्रवर्तकता कार्यक्रम के अंतर्गत लाभ दिलाने हेतु विभाग द्वारा सामाजिक गृह जांच कराया गया ।

# किसानों ने किया अधिवक्ताओं की हड़ताल का समर्थन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,25 मार्च।** राजिम के प्रभारी तहसीलदार के व्यवहार से क्षुब्ध अधिवक्ताओं द्वारा पिछले 22 फरवरी से अनिश्चित कालीन हड़ताल किया जा रहा है जिसे और भी विस्तार देते हुए 20 मार्च से क्रमिक भूख हड़ताल पर हैं। क्रमिक भूख हड़ताल के पांचवे दिन अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के 15 सदस्यों ने क्रमिक भूख हड़ताल कर आंदोलन को समर्थन दिया है।

क्रमिक भूख हड़ताल में बैठे अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के सचिव तेजराम विद्रोही ने कहा कि तहसील कार्यालय राजिम में पदस्थ प्रभारी तहसीलदार पेखन टोन्ड्रे अपने पद का गुमान करते हुए किसानों व आम फरियादियों के साथ दुर्व्यवहार करता है उनके प्रकरणों पर सुनवाई करने के बाजय उन्हें गुमराह करके रखता है। अधिवक्ता फरियादियों का आवाज बनकर अधिकारी के समक्ष उनका पक्ष रखता है लेकिन उन्हें भी नहीं सुना जाता है। जिससे क्षुब्ध होकर अधिवक्ता संघ राजिम द्वारा प्रभारी तहसीलदार को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल एवं क्रमिक भूख हड़ताल किया जा रहा है जिसके समर्थन में 24 मार्च को तेजराम विद्रोही , ललित कुमार साहू , पवन साहू , जहूर साहू , जुम्मन ध्रुव , आनंद कुमार ध्रुव , मधुसूदन साहू , गोविंद साहू , आदेश ध्रुव , महेंद्र कुमार साहू , नीलम साहू , सोमन यादव, रेखुराम,



साहू, पदुम लाल साहू, हिरामन साहू अधिवक्ता संघ के समर्थन में भूख हड़ताल पर रहे तथा अधिवक्ता संघ की ओर से आज भूख हड़ताल में अधिवक्ता आर के दीवान , महेश यादव , एम . एल . साहू , टीकम साहू , कमलनारायण साहू , वाय के शर्मा , आशीष शिंदे , यानेन्द्र सिन्हा , यादराम साहू , नेमीचंद साहू , दानेश्वर ठाकुर क्रमिक भूख हड़ताल पर रहे।

### 27 मार्च को किसान करेंगे एस डी एम कार्यालय राजिम का घेराव

एक महीने से ज्यादा जारी हड़ताल के समर्थन में किसान संगठन द्वारा 27 मार्च को दोपहर 01 बजे अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय राजिम का घेराव करने किसान संगठन द्वारा प्रशासन को सूचना दी गई

# पोतों ने अपनी ही दादी को लात घूसों से पीट-पीटकर मार डाला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 25 मार्च।** 10 कट्ठा धान को बेचने को लेकर पोत् और दादी में विवाद के बाद पोतो ने हैवानियत दिखाते हुए अपनी ही दादी को इस कदर मारपीट की, की दादी की इलाज के दौरान मौत हो गई । अपनी पत्नी के मौत के बाद दादा ने पुलिस को सारा सच-सच वाकया बयान कर दिया ।फिर पी.एम. रिपोर्ट ने भी हकीकत सामने ला दी जिसके आधार पर पांडुका पुलिस ने दोनों पोतों के विरुद्ध अपराध दर्ज करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दियावरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले के दिशा निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रेश सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में विवेचना दौरान कथन के आधार पर थाना प्रभारी पांडुका निरीक्षक जय सिंह धुर्वे द्वारा टीम गठित कर सदेही के ग्राम अंतरमरा जाकर घेराबंदी कर सदेही



भूपेद्र व लोकेश निषाद को पकड़ कर कड़ाई से पूछताछ करने से अपने ही दादी मूर्तिका घुस्सा ऊर्फ धुरवा बाई निषाद को धान बेचने की मामूली बात पर जमीन मे पटकर लात घुसा से मारने से ही मृतिका का मौत होना स्वीकार किया।गरियाबंद जिले के पांडुका क्षेत्र के अंतर्गत थाना से मात्र 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित अतरमर गांव की जहां पर साधुराम निषादअपने पुत्र व पोतो के साथ रहता था इसी दौरान साधु राम की पत्नी अर्थात भूपेन्द्र उम्र 23 वर्ष, एवं लोकेश निषाद उम्र 20 वर्ष की दादी धुस्सा बाई ने घर में रखे धान के 8 कट्ठा को बेचने की ईच्छा जाहिर की इस पर दोनों पोते नाराज हो गए और धीरे-धीरे बात इतनी बढ़ गई कि गुस्से में आकर पुत्रों ने अपनी ही दादी पर लात मुक्के और हाथ से इतने वार किए कि उसकी तबीयत ही बिगड़ गई और सुबह उसे नयापारा राजिम अस्पताल रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई ।डॉक्टरों ने पी.एम रिपोर्ट मे शरीर पर आए जख्म और सिर के घाव के कारण मौत का होना बताया ।जिसके आधार पांडुका थाना प्रभारी ने गांव में पहुंच पूछताछ की तब उसके दादा ने सारी हकीकत खोल कर रख दी और बताया कि दोनों पुत्र ने मिलकर 8 कट्ठा धान बेचने पर हुए विवाद के चलते अपनी ही दादी को बेरहमी से मारपीट की थी जिसके चलते उसे ईलाज के लिये नयापारा राजिम में भर्ती किया गया और जहां उसकी मौत हो गई ।इस घटना पर पांडुका पुलिस ने दोनों पोतों पर अपने ही दादी की हत्या का अपराध दर्ज करते हुए न्यायालय भेजा जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है उक्त कार्यवाही में निरीक्षक जयसिंह धुर्वे सउनि श्रवण विश्वकर्मा, आरक्षक सतीश गिरी. गंगाधर सिन्हा, टार्जन साहू की सराहनीय भूमिका रही।

### मुख्यमंत्री की घोषणा से किसानों में खुशी की लहर

**रायगढ़, 25 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में किसानों के हित में बड़ी घोषणा करते हुए प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान के समर्थन मूल्य पर खरीदी करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हमारे राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हमारे किसान भाई हैं। उन्होंने कहा कि भेंट-मुलाकात के दौरान जहां भी गया किसानों की एक ही मांग थी, समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी की जाए। किसानों के मांग अनुरूप धान की बिक्री सीमा 15 क्विंटल से बढ़ाकर अब 20 क्विंटल कर दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा की गई ।

गणगौर के समापन पर निकली शोभायात्रा



तिल्दा-नेवरा, 25 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 15 दिनों तक महिलाओं ने गोरी-गौरा गणगौर की पूजा-अर्चना कर भव्य जुलुस निकाला। इसके बाद शाम को विसर्जन किया गया।

## एक नजर

### अवैध हथियार रखकर धमकाने वाला आरोपी गिरफ्तार



बलौदाबाजार, 25 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में त्वरित कार्यवाही एवं रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक सचिन्द्र चौबे, एसडीओपी सुभाष दास के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश चौहान प्रभारी अधिकारी उप निरी0 हरीश साहू के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र 167/2023 धारा 294, 506, 186, 353, 332, 327 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। मामला इस प्रकार है कि दिनाक 22.03.23 को शाम 04.30 बजे इंदिरा कालोनी मेन रोड जिला परियोजना समग्र शिक्षा कार्यालय बलौदाबाजार में काम कर रहे शासकीय कर्मचारियों के साथ आरोपी गौरव शुक्ला के द्वारा आफीस अंदर जाकर शराब पीने के लिये प्रार्थी से पैसा मांगा नही देने पर प्रार्थी को धक्का मारकर मारपीट किया है एवं शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करते हुए अपने पास रखे तलवार नुमा धारदार हथियार को लहराकर कर्मचारियो को भयभीत कर धमकाने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी से तलवार नुमा हथियार को जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गय। उपरोक्त कार्यवाही में सउनि मेघनाथ बंजारे, प्रधान आरक्षक अंशुमान पाण्डेय, देवेन्द्र देवांगन आरक्षक प्रवीण यादव, बलराम निराला का विशेष योगदान रहा।

### जिला मंत्री राजकुमार साहू दक्षिण पलारी के प्रभारी नियुक्त

कसडोल, 25 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बलौदाबाजार जिला कसडोल विधानसभा से जिला महामंत्री राजकुमार साहू को भाजपा जिलाध्यक्ष सनम जांगड़े ने दक्षिण पलारी के लिए बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने मंडल स्तर पर प्रभारी और सह प्रभारी की नियुक्ति की है। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख रितेश श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व विधायक और भाजपा जिलाध्यक्ष बलौदाबाजार डाक्टर सनम जांगड़े ने जिन मंडलों में नियुक्ति की है उनमें मंडल दक्षिण पलारी के लिए जिला मंत्री राजकुमार साहू को प्रभारी एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष अनुपम बाजपेई को सह प्रभारी, कसडोल मंडल में प्रभारी के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता गिरधारी वर्मा, सह प्रभारी दुर्गा पटेल, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नरेश केसरवानी को टुण्ड्रा मंडल में प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं भाजपा नेता पुनीराम पटेल को बया मंडल का प्रभार दिया गया है। डॉक्टर सनम जांगड़े ने समस्त कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वर्तमान में चल रहे बूथ सशक्तिकरण के कार्य को समय पर पूरा करें।



# झूलेलाल जयंती पर सिंधी समाज ने निकाली शोभायात्रा

## समारोह में शामिल हुए माहेश्वरी, शोभायात्रा का किया स्वागत, सिंधी समाज प्रमुखों को गुलाब फूल भेंट कर किया सम्मानित

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भाटापारा, 25 मार्च। चेट्रीचंड के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने सिंधी समाज के भव्य स्वागत करते हुए, कार्यक्रम में तीनों दिन शामिल हुए। वे पहले दिन समाज के गुरु लाल साई से आशीर्वाद लिए। वहीं दूसरे दिन बाइक रैली का बैंड बाजा और पांच क्विंटल फूल की बरसात कर भव्य स्वागत किया। तीसरे दिन झूलेलाल जयंती के अवसर भाटापारा में निकली भव्य शोभायात्रा का धूमधाम से ऐतिहासिक स्वागत किया।। स्वागत में नगरपालिका की अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं 10 पार्षद भी शामिल हुए।

प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने सिंधी समाज के इष्ट देव भगवान झूलेलाल की जयंती पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में उत्साह के साथ शामिल होकर भगवान झूलेलाल की पूजा अर्चना की। इसमें पहले दिन समाज के गुरु चकरभाठा धाम से आए लाल साई के सानिध्य में पूजा अर्चना कर संत का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं दूसरे दिन चैट्रीचंड्र पर निकाली गयी बाइक रैली का भाटापारा स्थित अपने निवास कार्यालय के पास भव्य स्वागत किया, यहां रैली में शामिल समाज के लोगों को मीठा रस पिलाने के साथ ही उनके ऊपर फूलों की बारिश कर स्वागत की गयी। वहीं भगवान झूलेलाल की जयंती अवसर पर समाज के द्वारा निकाली गयी जीवंत झांकी के साथ शोभायात्रा में माहेश्वरी शामिल हुए। वे सुहेला तिराहे पर समाज के सभी लोगों को गुलाब का फूल देकर स्वागत किया गया। माहेश्वरी के साथ उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने शोभायात्रा के स्वागत में फूलों की बारिश और शामिल लोगों को ठंडा पेय पदार्थ पिलाया। श्री माहेश्वरी ने शोभायात्रा में शामिल सिंधी समाज के सम्मनित प्रमुखों को फूल माला और साल से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज भाटापारा के व्यापार की रीढ़ की हड्डी है। सिंधी समाज के लोगों ने पोहा और दाल मिल खोलकर क्षेत्र के हजारों की संख्या में लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाया है। इस तरह से वे यहां व्यापार के माध्यम से न सिर्फ रोजगार उपलब्ध करवा रहे हैं बल्की यहां से निकलने वाले पदार्थो से देशभर में भाटापारा का नाम रोशन सिंधी समाज के लोग कर रहे हैं। उनके मेहनत और इमानदारी से किए कामों के कारण आज भाटापारा देश भर में अलग पहचान बना चुका है। क्योंकि सिंधी समाज प्रदेश में मौलिक रूप से व्यवसायिक समाज है। वह जब आयोजन करता है तो वह एक अलग ही पहचान बनाती है। उनके आराध्य देव झूलेलाल की जयंती अवसर पर पहले ही प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार ने छुट्टी घोषित कर दी है। ऐसे में खुशी को और बढ़ाने का सौभाग्य हमें मिला, हमारा प्रयास है कि भगवान झूलेलाल की कृपा से हर समाज तक खुशहाली जाए। भगवान झूलेलाल की कृपा सभी समाज पर बरसे, जिससे पूरे विधानसभा क्षेत्र में खुशहाली और बढ़े।

## हिन्दू नववर्ष पर सनातन जागृति सेवा संस्थान ने निकाली शोभायात्रा



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता


डोंगरगढ़, 25 मार्च। हिन्दू नववर्ष के पावन अवसर पर धर्मनगरी डोंगरगढ़ में सनातन जागृति सेवा संस्थान के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें श्रीराम दरबार के अलावा झाँकी में वानरसेना एवं महाकाली के द्वारा रक्तबीज का वध मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा महावीर मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए श्रीराम मंदिर जयस्तंभ चौंक में संपन्न हुई जहाँ शक्ति वाहिनी की माता-बहनों द्वारा महाआरती की गई तत्पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस शोभायात्रा में नगर के सभी सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा विभिन्न चौंक चौराहों में जलपान की व्यवस्था की गई थी। नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से पधारे सभी गणमान्य नागरिकों ने भी शोभायात्रा में सम्मिलित होकर हिन्दू एकता का परिचय दिया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, प्रकाश यादव, विश्वनाथ यादव, विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष तरूण हथेल, भाजपा के नेता हरविंदर सिंह मंगे, अनिल पांडेय, हनुमान भक्त युवा समिति के हनी गुप्ता, शक्ति वाहिनी की ज्योति बड़वाईक, मारूति नंदन भक्त समिति के अभिषेक साहू, के साथ ही सनातन जागृति सेवा संस्थान के सभी सदस्य जिनमें विमल अग्रवाल, बालमुकुंद तराने, अरविंद नेताम, करण जांबुलकर, कमल साहू, सुमित श्रीवास्तव, महेन्द्र राजपूत, सरोज सिंह, प्रवीण मलगान, रमना मूर्ति, भावेश तराने, ओमप्रकाश अग्रवाल, सतीश राजन, बंटी चूटे, चंद्रशेखर शुक्ला इत्यादि सम्मिलित हुए।

## बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत बैठकों का दौर जारी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़, 25 मार्च। बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत डोंगरगढ विधानसभा के अंतर्गत आज शहरभाजपा मंडल डोंगरगढ़ के बूथ क्रमांक 146, 149, 150 की बैठक अलग-अलग स्थानों पर आयोजित की गई जिसमें प्रमुख रुप से भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं विस्तारक शशिकांत द्विवेदी उपस्थित रहे। द्विवेदी ने सर्वप्रथम बूथ कार्यसमिति सदस्यों की सूची का सत्यापन किया एवम् बैठक में चर्चा कर प्रमुख रूप से 11 जिम्मेदार कार्यकर्ताओं को प्रमुख जिम्मेदारी देकर फार्म भरवाए गए। साथ ही पन्ना प्रभारियों को भी मतदाता सूची के अलग-अलग पन्ने का दायित्व सौंपा गया एवम् निर्धारित फार्म भरवाए गए।श्री द्विवेदी ने कहा कि इन्हीं पन्ना प्रभारियों तथा बूथ के जिम्मेदार पदाधिकारियों एवम् कार्यकर्ताओं के बदौलत ही हम आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा का परचम लहरायेंगे। उक्त बैठक में सभी उत्साही कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि हम अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन बखूबी करेंगेऔर आने वाले समय में भ्रष्टाचार में लिप्त कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंकने में कामयाब होंगे। बूथों की बैठकों में प्रमुख रूप से मण्डल अध्यक्ष अमित जैन, नेता प्रतिपक्ष एवं शक्ति केंद्र के संयोजक अमित छाबड़ा, हरविंदर सिंह मंगे, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, बूथ अध्यक्ष सविता दरगढ़, नीलम चोपड़ा, हरीश मोटघरे, मोहम्मद गौस, उपेंद्र उजवाने, महेन्द्र शर्मा, अनीता लोकेश इंदुरकर, धनीराम तराने, गुड्डी मटियारा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## श्री रामचरितमानस महायज्ञ में शामिल हुए गौरीशंकर

कसडोल, 25 मार्च। बलौदाबाजार जिला कसडोल विधानसभा में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल आज अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत ग्राम देवसुंदरा पहुंचकर ग्राम के जन जागरण मानस यज्ञ एवं ग्रामवासियों द्वारा आयोजित श्रीरामचरितमानस परायण पाठ महायज्ञ में शामिल हुए। उन्होंने भगवान रामचंद्र जी का विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर क्षेत्र के लोगों की खुशहाली सुख शांति समृद्धि की कामना की। भारी संख्या में उपस्थित श्रोता समाज को संबोधित करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि भगवान राम हमारे आराध्य देव हैं उनके आदर्शों पर चल कर हमें अपने जीवन में आत्मसात करना है। ग्राम देव सुंदरा पहुंचने पर ग्राम के नागरिकों द्वारा अग्रवाल जी का पुष्पमाला अबीर गुलाल गाजा बाजा के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किए।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू- परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र....................

अ/2 वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक चतुर्भुज अग्रवाल पिता स्व. रामदास अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी आलीवार तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ. ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की भूमि कृषक ग्राम मुसराकला प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. मुसराकला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 279/1, 279/2, 279/3, रकबा क्रमशः 0.073, 0.199 0.035 हे. भूमि स्थित है। उक्त भूमि में आवेदक द्वारा कृषि भूमि को खाद्य गोदाम (व्यवसायिक) भूमि में परिवर्तित किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा.संहिता की धारा 172 के तहत निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ तलवाना नक्शा-खसरा बी-1 बैनामा की छाया प्रति पेश किया गया।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 10/04/2023 तक स्वयं उपस्थित होकर अपना दावा उजर या आपत्ति न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा

आज दिनांक 16/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़

**नाम परिवर्तन**

मैं शपथकर्ता **निकिता मरकाम (NIKITA MARKAM) राजेन्द्र कुमार (RAJENDRA KUMAR) माता कुमारी मरकाम (KUMARI MARKAM)** जन्मतिथि 21/01/2005 (इक्कीस जनवरी सन् दो हजार पांच) निवासी संतोषी पारा महावीर चौक कैम्प-2 भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करती हूं कि मैं उपरोक्त पते की निवासी हूं। मेरे समस्त विद्यालय के शैक्षणिक अंकसूची में मेरा नाम **निकिता ठाकुर (NIKEETA THAKUR), पिता राजेन्द्र ठाकुर (RAJENDRA THAKUR) माता मुन्नी ठाकुर (MUNNI THAKUR)** अंकित है जो कि गलत है। मेरे जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में मेरा नाम **निकिता मरकाम (NIKITA MARKAM), पिता राजेन्द्र कुमार (RAJENDRA KUMAR) माता कुमारी मरकाम (KUMARI MARKAM)** अंकित है जो कि सही है।

**निकिता ठाकुर (NIKEETA THAKUR) पिता राजेन्द्र ठाकुर (RAJENDRA THAKUR) माता मुन्नी ठाकुर (MUNNI THAKUR)** और **निकिता मरकाम (NIKITA MARKAM), पिता राजेन्द्र कुमार (RAJENDRA KUMAR) माता कुमारी मरकाम (KUMARI MARKAM)** यह दोनों नाम एवं विवरण मेरे ही है।

इस शपथ पत्र को प्रस्तुत करने के बाद से मुझे **निकिता मरकाम (NIKITA MARKAM), पिता राजेन्द्र कुमार (RAJENDRA KUMAR) माता कुमारी मरकाम (KUMARI MARKAM)** के नाम से पढ़ा लिखा एवं पुकारा जाये एवं मेरे समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम **निकिता मरकाम (NIKITA MARKAM), पिता राजेन्द्र कुमार (RAJENDRA KUMAR) माता कुमारी मरकाम (KUMARI MARKAM)** ही अंकित किया जाये और भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना, लिखा एवं पुकारा जाये।

भविष्य मे मेरे इस नाम से किसी भी व्यक्ति/संस्था/निकाय को कोई आपत्ति अथवा विवाद होती है, तो सारी जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

**निकिता मरकाम**
**(NIKITA MARKAM)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202303032100020

अ/6 वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका कुसुम बाई पति स्व. प्रहलाद यादव जाति यादव निवासी मारवाड़ी धर्मशाला के पीछे वार्ड नंबर 12 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि नजूल शहर डोंगरगढ़ स्थित भूमि शीट क्रमांक 06 भूखण्ड क्रमांक 1450/2 रकबा 468.1 वर्गफुट भूमि में प्रहलाद आ.पल्टन एवं मनोज कुमार आ. प्रहलाद आवेदिका का नाम दर्ज है भूमि स्वामी प्रहलाद आ. पल्टन की मृत्यु दिनांक 09/02/2022 को तथा मनोज कुमार की मृत्यु दिनांक 13/06/2015 को हो चुकी है। मृतक प्रहलाद एवं मनोज नाम विलोपित कर उक्त भूमि में आवेदिका एवं मृतकगण के वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 10/04/2023 तक स्वयं उपस्थित होकर अपना दावा उजर या आपत्ति न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/03/2023 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़

**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

राजस्व प्रकरण क्रमांक-202303201500022/ब-121/2022 2023

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषयांतर्गत लेख हैं कि आवेदिका श्रीमती उषा पति स्व. किशनलाल जाति पंजाबी निवासी अस्पतालवार्ड, तहसील व जिला कोण्डागांव, (छ.ग.) के द्वारा नगर- कोण्डागांव के मोहल्ला तहसीलपारा स्थित भूमि शीट नम्बर 02 भूखण्ड क्रमांक 562/2/3 (शा.न. 564/2/3) क्षेत्रफल 871 वर्गफीट भूमि आवासीय मकान नजूल संधारण खसरा में आवेदिका के पुत्री का नाम शामिल खाते में दर्ज है। आवेदिका के पुत्री का नाम उक्त खाते की भूमि पर त्रुटिवश शिखा नाम दर्ज हो गया है। आवेदिका के पुत्री का वास्तविक नाम योशीसा कथुरिया है। जो कि आयकर विभाग, विवाह प्रमाण पत्र में सही है। खाते की भूमि पर वास्तविक नाम योशीसा कथुरिया दर्ज करवाने हेतु तलवाना, नक्शा खसरा, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 31.03.2023 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.03.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल अधिकारी जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

राजस्व प्रकरण क्रमांक-202303201500023/ब-121/2022-2023

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदिका श्रीमती उषा अरोरा पति स्व. किशनलाल अरोरा जाति पंजाबी निवासी-अस्पताल वार्ड, तहसील व जिला कोण्डागांव, (छ.ग.) के द्वारा नगर-कोण्डागांव के मोहल्ला तहसीलपारा स्थित भूमि शीट नम्बर-02 भूखण्ड क्रमांक 663/16/1 क्षेत्रफल 590 वर्गफीट भूमि व्यवसायिक भवन नजूल संधारण खसरा में आवेदिका के पुत्री का नाम शामिल खाते में दर्ज है। आवेदिका के पुत्री का नाम उक्त खाते की भूमि पर त्रुटिवश शिखा अरोरा नाम दर्ज हो गया है। आवेदिका के पुत्री का वास्तविक नाम योशीसा कथुरिया है जो कि आयकर विभाग, विवाह प्रमाण पत्र, आधार कार्ड में सही है। खाते की भूमि पर वास्तविक नाम योशीसा कथुरिया दर्ज करवाने हेतु तलवाना, नक्शा, खसरा, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत की गई है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दाव या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 31.03.2023 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं कि जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.03.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल अधिकारी जिला कोण्डागांव (छ.ग.)


### जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने ग्राम संडी में आयोजित किया आग्रह अभियान कार्यक्रम

# स्कूली बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने दी समझाइश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बलौदाबाजार, 25 मार्च। जिले में सड़क दुर्घटनाओं के तकनीकी विश्लेषण से यह ज्ञात हुआ है कि विभिन्न स्थानों पर सड़क परिवहन नियमों का उल्लंघन कर लापरवाही पूर्वक वाहन परिचालन करने के परिणाम स्वरूप सड़क दुर्घटना होने से कई लोगों की जान चली गई है। उक्त दुर्घटनाओं का पुनरावृति ना हो इस हेतु जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय दीपक कुमार झा के निर्देशन एवं सचिन्द्र चौबे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में परिवहन नियमों का पालन हेतु वृहद स्तर पर आग्रह अभियान प्रारंभ किया गया है। उपरोक्त जागरूकता अभियान के तहत प्रत्येक नागरिकों तक सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करने हेतु, सड़क सुरक्षा को गंभीरता से लेकर नियमों का पालन करने के लिए जिले के प्रत्येक गांव एवं शहर में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा।

इसी तारतम्य में आज दिनांक 24.03.2023 को ग्राम संडी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिंद्र चौबे, अभिषेक सिंह उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, अमृत कुजुर उप पुलिस अधीक्षक यातायात की उपस्थिति में आग्रह अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सचिन्द्र चौबे द्वारा सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का पालन कितना आवश्यक है इस बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया। उन्होंने कहा कि गांव, सड़क, वार्ड कहीं पर भी यदि आपको, कोई यातायात नियमों का उल्लंघन करते दिखे, तो उनसे ऐसा न करने का आग्रह करें। उन्होंने विशेषकर स्कूली बच्चों से कहा कि, अपने परिजनों, रिश्तेदारों, सहपाठियों एवं अन्य को यातायात नियमों का पालन करने हेतु आग्रह करें तथा नाबालिक बालक कभी भी वाहन चालन ना करें। ग्रामों में अधिकतर लोग मालवाहक वाहन में सवारी करते हैं, जो कि बहुत ही खतरनाक है। ऐसे लोगों को आग्रह पूर्वक मालवाहक वाहन में सवारी नहीं करने हेतु मनाही करें। साथ ही मोटरसाइकिल में तीन सवारी नहीं बैठने एवं हेलमेट धारण करने हेतु आग्रह करें। यातायात दुर्घटनाओं की रोकथाम में आप सभी का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। सड़क मार्ग में किसी प्रकार की सड़क दुर्घटना की स्थिति में तुरंत आकर घायलों की मदद कर, मानवता का परिचय दें। माहौल बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्व को समझाईस देकर कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की मदद करें। साथ ही ऐसी स्थिति में शांति व्यवस्था बनाए रखने में उपस्थित लोगों से सहयोग हेतु आग्रह करें।


**कार्यालय कलेक्टर, जिला-बीजापुर, छत्तीसगढ़**
**अल्पकालिक तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**
**(जिला निर्माण समिति)**

निविदा क्र./64 — बीजापुर, दिनांक 22/03/2023

कलेक्टर, जिला बीजापुर की ओर से जिला खनिज संस्थान न्यास निधि अंतर्गत स्वीकृत कार्य को जिला निर्माण समिति के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में दिनांक 01.01.2015 से प्रचलित एस.ओ.आर. (भवन निर्माण कार्य के लिए) दर प्रतिशत दर के आधार पर तथा लोक निर्माण विभाग में एक पद्धति से पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमा. लागत राशि रू. (रू. लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|
| 01 | ग्राम गंगालूर गायतापारा से गुन्नापारा में (6×2 मीटर स्पान) आर.सी.सी. स्लैब पुलिया निर्माण कार्य | 44.92 | 33700.00 |

**महत्वपूर्ण निर्देशः-**

निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 03/04/2023 सायं 5.00 बजे तक
निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 13/04/2023 अपरान्ह 3.00 बजे तक
निविदा खोलने की अंतिम तिथि - 13/04/2023 अपरान्ह 3.30 बजे तक
टेंडर फार्म का मूल्य - 1500 प्रति फार्म
कार्य पूर्ण करने की समय सीमा - 03 माह वर्षा ऋतु सहित
ठेकेदारों की श्रेणी - डी-श्रेणी या उससे ऊपर

निविदा प्रपत्र कलेक्टर कार्यालय जिला निर्माण समिति शाखा बीजापुर में आवेदन के साथ ऊपर दर्शाये अनुसार निविदा प्रपत्र के मूल्य का डिमाण्ड ड्राफ्ट एवं चेक जो कि कलेक्टर बीजापुर के नाम से एवं बीजापुर में देय हो (जो वापसी योग्य नहीं है)।

**टीपः-** **निर्माण के संबंध में अन्य आवाश्यक विशेष नियम व शर्तो की जानकारी कार्यालय के सूचना पटल में या वेबसाईट www.bijapur.gov.in पर उपलब्ध है।**

**कलेक्टर**
**जिला-बीजापुर**

जी-99588/4



# न्याय युग

## ग्रामीण उद्यमिता का आगाज

25 मार्च, 2023

**किसानों की जेबों में 1949 करोड़ 26 लाख रूपए**



लगातार 3 साल से खेती को प्रोत्साहन

### राजीव गांधी किसान न्याय योजना

23.23 लाख किसानों को
1,793 करोड़ रु की 12वीं किस्त जारी

अब तक कुल भुगतान : 18,208 करोड़ रु

देश में छत्तीसगढ़ के किसानों को मिल रहा सर्वाधिक लाभ

सरगांव, मुंगेली से
**श्री भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़**
के कर कमलों द्वारा

राज्य के 278 मल्टीएक्टिविटी सेंटर

RIPA
महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क, छत्तीसगढ़

का

**लोकार्पण**

भूमिहीन कृषि मजदूरों की आय में इजाफा

### राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना

4.99 लाख हितग्राहियों को
149.92 करोड़ रु की आर्थिक सहायता

अब तक कुल भुगतान : 476.67 करोड़ रु

पशुधन प्रबंधन और ग्रामीण आर्थिकी का आधार

### गोधन न्याय योजना

पशुपालकों, गौठान समितियों, महिला स्व-सहायता समूहों को
6.34 करोड़ रु का अंतरण

अब तक कुल भुगतान : 407.61 करोड़ रु

## छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार

छत्तीसगढ़ संवाद-आर.ओ./36061/52

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क


कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23